गुरुवार, 12 मार्च 2026
कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष
नवमी, वि.स. 2082,
पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

**सुविचार :** सच्चे अर्थों में हँसना, अपने दर्द को स्वीकार कर उसे खेल की तरह लेना है।

स्थानीय खबरें
पृष्ठ दो, चार, और पांच पर

सत्यमेव जयते
भारत सरकार




# पश्चिम बंगाल में नेक्स्ट-जेन इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास

3,910+ किमी राष्ट्रीय राजमार्गों से राज्य में बेहतर कनेक्टिविटी

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 37,000+ किमी मार्गों से अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी बेहतर

पिछले 11 वर्षों में रेल बजट तीन गुना बढ़कर लगभग ₹14,000 करोड़, आधुनिकीकरण को बढ़ावा

9 वंदे भारत ट्रेनों से आरामदायक यात्रा सुनिश्चित; पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन असम के गुवाहाटी और पश्चिम बंगाल के हावड़ा के बीच संचालित

हुगली नदी के नीचे भारत की पहली अंडरवॉटर मेट्रो सुरंग से हावड़ा और कोलकाता के बीच कनेक्टिविटी सुनिश्चित

अमृत भारत योजना के तहत 101 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास, यात्रियों को बेहतर और आधुनिक सुविधाएं

राज्य के 100% ब्रॉड-गेज रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण, आधुनिक और स्वच्छ रेल परिवहन को बढ़ावा

220+ स्मार्ट सिटी परियोजनाएं पूरी, शहरों में बेहतर जीवन स्तर और आधुनिक सुविधाएं सुनिश्चित



**विकसित बंगाल**
**विकसित भारत**
**पीएम मोदी का संकल्प**

CBC 37101/13/0024/2526

“ भारत सरकार के प्रयास पश्चिम बंगाल के विकास और बेहतर भविष्य की नींव को मजबूत कर रहे हैं। ”

– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

## फ्री के प्लॉट मगर गरीबों का उपचार नहीं

कभी चिकित्सा के पेशे को भगवान के दूसरे रूप में मानवता की सेवा का पर्याय माना जाता था। लेकिन आज मुनाफे की चांदी बटोरने की होड़ वाले अग्रणी पेशों में चिकित्सा व्यवसाय की गिनती होने लगी है। धन बटोरने की अंधी हवस में मानवता के तार-तार होने की इस व्यवसाय से जुड़ी खबरें आये दिन सुर्खियां बटोरती रहती हैं। यूं तो आज पैसे की अंतहीन भूख उन तमाम पेशों में नजर आती है जो सेवा-परोपकार व मनुष्यता के कल्याण में अग्रदूत माने जाते रहे हैं। लेकिन कुछ पेशे ऐसे हैं जो इंसानियत के रखवाले माने जाते रहे हैं। यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट को पूछना पड़ा कि दिल्ली में जिन 51 अस्पतालों को रियायती जमीन दी गई थी और उन्होंने कुछ प्रतिशत गरीबों का इलाज मुफ्त करने का वायदा किया था, वे ऐसा क्यों नहीं कर रहे हैं? दरअसल, केंद्र सरकार ने वर्ष 2012 में एक नीतिगत फैसला लिया था, जिसके अंतर्गत दिल्ली में गरीब लोगों के लिये निजी अस्पतालों में एक सीमा तक मुफ्त इलाज की सुविधा मुहैया कराई गई थी। कहने की जरूरत नहीं है कि अस्पताल निजी हों या सरकारी, वे सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिये ही बने होते हैं। इसी के मद्देनजर कई निजी अस्पतालों के निर्माण हेतु रियायती दर पर सरकार भूखंड उपलब्ध कराती है। जिसके चलते निजी अस्पतालों के कुछ दायित्व भी होते हैं। जिसमें निर्धन मरीजों के उपचार हेतु नि:शुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराना होता है। यही वजह थी कि साल 2018 में भी, देश की शीर्ष अदालत ने रियायती जमीन हासिल करने वाले अस्पतालों को नसीहत दी थी कि गरीब लोगों को मुफ्त इलाज उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही इस मामले में लापरवाही बरताने वालों की जवाबदेही भी सुनिश्चित करने को कहा था। विडंबना यह है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा चेताने के बावजूद अस्पताल प्रबंधन ने मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया। वहीं दूसरी ओर इस बाबत निगरानी करने वाले सरकारी विभाग भी आंख मूंद कर बैठे रहते हैं।

इस गंभीर मुद्दे की बार-बार अनदेखी किए जाने से खिन्न देश की शीर्ष अदालत ने हाल ही में दिल्ली में रियायती दामों में प्लॉट लेने वाले 51 हॉस्पिटलों को नोटिस भेजकर अपना दायित्व न निभाने वालों को इसकी वजह बताने को कहा गया है। कोर्ट ने चेताया है कि अस्पताल के मालिकों के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई क्यों न शुरू की जाए! यह विडंबना है कि केंद्र व दिल्ली सरकार इस गंभीर मामले में उदासीन नजर आती हैं। विसंगति देखिए कि जिस दायित्व का निर्वहन सरकारों को करना चाहिए था, उस पर देश के सुप्रीम कोर्ट को आदेश देने पड़ रहे हैं। जो हमारे तंत्र की काहिली को ही उजागर करता है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार के नीतिगत फैसले में इस बात का प्रावधान था कि रियायती कीमत पर जमीन पाने वाले अस्पतालों को आंतरिक रोगी विभाग में न्यूनतम दस प्रतिशत और ओपीडी में पच्चीस प्रतिशत गरीबों का इलाज मुफ्त करना होगा। जिससे जुड़ी जवाबदेही पूरी करने को शीर्ष अदालत ने 2018 में भी चेताया था। लेकिन इसके बावजूद जमीनी हकीकत में कोई बड़ा बदलाव नहीं आया। यही वजह है कि पिछले दिनों शीर्ष अदालत ने इन अस्पतालों को नोटिस भिजवाए हैं। साथ ही अवज्ञा करने पर अवमानना की कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। इस बात में कोई संदेह नहीं कि इन निजी अस्पतालों में गरीबों को मुफ्त इलाज मिल सके, पहली जवाबदेही सरकार की बनती है। यदि सरकार की नियामक एजेंसियां सख्ती दिखाती तो क्या मजाल थी कि निजी अस्पताल अपने वायदे से मुकर जाते। बाकायदा, ऐसे मामलों में उदासीनता दिखाने वाले सरकारी अधिकारियों की भी जवाबदेही तय होनी चाहिए और लापरवाही दिखाने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी होनी चाहिए। निस्संदेह, इन हालातों के चलते ही आम जनता का तंत्र से भरोसा उठता है। यदि सरकारी तंत्र निगरानी व जवाबदेही तय करने में चुस्ती दिखाता तो कई गरीब मरीजों का जीवन बचाया जा सकता था। आज जीवन रक्षा से जुड़ी चिकित्सा सुविधाएं इतनी महंगी हो चुकी हैं कि हर साल लाखों लोग खर्चीले इलाज कराने के चलते गरीबी के दलदल में धंस जाते हैं।

# बंगाल मेरा दूसरा घर, राज्य में मेरी यात्रा अभी समाप्त नहीं हुई : पूर्व राज्यपाल बोस

**❑ राज्य से विदाई से पहले पूर्व राज्यपाल ने राज्यवासियों के नाम लिखा खुला पत्र**



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने बुधवार को राज्य को अपना 'दूसरा घर' बताया और कहा कि राज्य में उनका सफर अभी खत्म नहीं हुआ है क्योंकि वह इससे जुड़े रहेंगे। राज्य के लोगों के नाम लिखे एक पत्र में बोस ने अपने कार्यकाल के दौरान मिले समर्थन और स्नेह के लिए उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि हालांकि, मेरा कार्यकाल समाप्त हो गया है, लेकिन राज्य में मेरा सफर अभी खत्म नहीं हुआ है। पश्चिम बंगाल मेरा दूसरा घर है और इसके अभिन्न अंग के रूप में मैं इससे जुड़ा रहूंगा। पूर्व राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने पिछले तीन वर्षों में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों की यात्रा की और लोगों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में मुझे राज्य के कोने-कोने का दौरा करने और लोगों से बातचीत करने का अवसर मिला। मैंने लोगों के साथ उनकी झोपड़ियों में भोजन किया। बोस ने कहा कि वह राज्य भर के लोगों के साथ हुई बातचीत की यादों को संजो कर रखेंगे। उन्होंने राज्य के लोगों के नाम लिखे विदाई संदेश में कहा कि कई दशक पहले महात्मा गांधी ने कहा था कि मैं बंगाल नहीं छोड़ सकता, और बंगाल मुझे जाने नहीं देगा। आज मैं भी वही महसूस कर रहा हूं। उन्होंने राज्य भर की यात्रा के दौरान अपने अनुभवों को रेखांकित करने के लिए रवींद्रनाथ टैगोर की कविता का भी उद्धरण दिया। अंत में, उन्होंने राज्य के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल आने वाले समय में नई ऊंचाइयों को छुए और यहां के सभी लोगों के जीवन में समृद्धि और स्वास्थ्य बना रहे। उन्होंने मां दुर्गा से राज्य की जनता की रक्षा की प्रार्थना भी की।

**❑ पूर्व राज्यपाल ने रवि को बताया 'सक्षम' और बंगाल के लिए 'बीच का रास्ता' सुझाया**

राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने बुधवार को अपने उत्तराधिकारी आरएन रवि को 'अत्यंत सक्षम व्यक्ति' बताया और कहा कि पश्चिम बंगाल जैसे राजनीतिक रूप से संवेदनशील राज्य से निपटने के लिए 'बीच का रास्ता' अपनाना ही सर्वोत्तम तरीका होगा। बोस ने नयी दिल्ली के लिए रवाना होने से पहले कहा कि रवि प्रशासन में निपुण हैं और स्वतंत्र निर्णय लेने में सक्षम हैं। बोस ने कहा कि मेरे उत्तराधिकारी मेरे मित्र हैं। हम केरल राज्य में साथ थे। वे आईपीएस में थे और मैं आईएएस। वे अत्यंत सक्षम व्यक्ति हैं और प्रशासन में निपुण हैं। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि उन्हें (रवि को) मेरी सलाह की जरूरत है। वह स्वयं निर्णय लेने में सक्षम हैं। लेकिन बंगाल जैसे राज्य में, मेरा मानना है कि बीच का रास्ता अपनाना ही सबसे अच्छा है।

## एसएससी मामले में ईडी ने पूर्व शिक्षा सचिव और कुंतल घोष को किया तलब

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) भर्ती मामले के संबंध में राज्य के पूर्व शिक्षा सचिव मनीष जैन और तृणमूल कांग्रेस से निष्कासित नेता कुंतल घोष को तलब किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, दोनों को 16 से 19 मार्च के बीच कोलकाता के सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित ईडी कार्यालय में पूछताछ के लिए उपस्थित होने को कहा गया है। जांच एजेंसी का कहना है कि इस मामले में दोनों के अलावा करीब 100 से अधिक नौकरी अभ्यर्थियों को भी चरणबद्ध तरीके से पूछताछ के लिए बुलाया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि एसएससी भर्ती जांच में ईडी को नए सुराग मिले हैं, जिसके चलते घोष और जैन को विस्तृत पूछताछ के लिए तलब किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे अधिकारी हाल के हफ्तों में जुटाए गए सबूतों की जांच करेंगे और पूर्व नौकरशाह और पार्टी नेता से तदनुसार पूछताछ करेंगे।

## गंगासागर में भाजपा नेता पर फायरिंग, गंभीर रूप से घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले में भाजपा के एक स्थानीय नेता पर गोली चलाये जाने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। यह घटना बुधवार की सुबह गंगासागर तटीय थाना क्षेत्र में हुई। इस घटना में भाजपा नेता गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस के अनुसार, घायल नेता का नाम त्रिलोकेश ढाली के रूप में हुई है। आरोप है कि इस दिन, सुबह में दो बदमाश मोटरसाइकिल पर आए और अचानक उन्हें निशाना बनाकर गोली चला दी। इसके बाद, हमलावर मौके से फरार हो गए। गोली लगने के बाद त्रिलोकेश ढाली घटनास्थल पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़े। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल नेता को तुरंत सागर ग्रामीण अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, उनकी हालत फिलहाल स्थिर है, लेकिन चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपितों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। अभी तक हमले के पीछे के कारणों का पता नहीं चल पाया है। फिलहाल, पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। इस बीच घायल नेता के परिवार ने हमले के पीछे राजनीतिक साजिश का आरोप लगाया है। घटना के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने इलाके में सड़क अवरो दकर प्रदर्शन किया एवं आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

## विधानसभा चुनाव : 14 मार्च तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में केंद्रीय बलों की रूट मार्च अनिवार्य

**कोलकाता, समाज्ञा :** निर्वाचन आयोग ने राज्य प्रशासन को निर्देश दिया है कि राज्य के सभी जिलों में उपलब्ध केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की रूट मार्च और क्षेत्र प्रभुत्व अभ्यास का पहला चरण 14 मार्च की रात 8 बजे तक अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के एक सूत्र के अनुसार, आयोग ने स्पष्ट किया है कि राज्य के सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों में निर्धारित समय सीमा के भीतर यह प्रक्रिया पूरी की जानी चाहिए। सूत्रों के अनुसार, अब तक केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की कुल 480 कंपनियां दो चरणों में पश्चिम बंगाल पहुंच चुकी हैं। आयोग पहले ही इन 480 कंपनियों का जिला-वार आवंटन भी पूरा कर चुका है।

**❑ केंद्रीय बलों की तैनाती पर चुनाव आयोग के पुलिस पर्यवेक्षक लेंगे अंतिम निर्णय**

राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती और उनके आवागमन पर अंतिम निर्णय अब निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त पुलिस पर्यवेक्षक लेंगे। यह निर्णय सुरक्षा व्यवस्था को और



प्रभावी बनाने के उद्देश्य से लिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, प्रत्येक जिले में संयुक्त टीमें गठित की जाएंगी, जो जमीनी स्तर पर सुरक्षा की जरूरतों का आकलन करेंगी। ये टीमें संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां आवश्यक केंद्रीय बलों की संख्या की सिफारिश करेंगी। अंतिम निर्णय नामित पुलिस पर्यवेक्षकों द्वारा लिया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, यह बदलाव राजनीतिक दलों के साथ आयोग की बैठक के दौरान मिले सुझावों के बाद किया गया है।

## चंद्रकोना में सड़क हादसे में कॉलेज छात्र की मौत

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के चंद्रकोना में एक सड़क दुर्घटना में कंप्यूटर साइंस के तृतीय वर्ष के छात्र शुभेंदु साव की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार की देर शाम शुभेंदु साव अपने दो दोस्तों के साथ स्कूटी से घूमने निकले थे। इसी दौरान धामकुड़ा जंगल स्थित फॉरेस्ट ऑफिस के सामने मोड़ लेते समय स्कूटी का नियंत्रण बिगड़ गया और वाहन सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा। शुभेंदु के सिर में गंभीर चोट लगी। स्थानीय लोगों की मदद से उसे गंभीर अवस्था में पहले चंद्रकोना अस्पताल ले जाया गया। वहां से स्थिति गंभीर होने पर उसे देर रात मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया।

# बोउबाजार में धोखाधड़ी का मामला, कारोबारी गिरफ्तार

**कोलकाता :** बोउबाजार थाना क्षेत्र में संपत्ति से जुड़े एक बड़े धोखाधड़ी और ठगी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 16 फरवरी 2026 को दर्ज मामले की जांच के बाद आरोपी विष्णु कुमार अग्रवाल को साल्टलेक इलाके से गिरफ्तार किया गया।

जांच में सामने आया कि आरोपी ने 65, बेंटिंक स्ट्रीट स्थित एक संपत्ति को लेकर आपराधिक साजिश रची थी। शिकायतकर्ता के साथ विकास समझौता और पावर ऑफ अटॉर्नी करने के बाद उसे किरायेदारों के पुनर्वास और नगर निगम की आवश्यक मंजूरियां लेने के नाम पर निवेश करने के लिए प्रेरित किया गया। इस प्रक्रिया में शिकायतकर्ता ने लगभग 35 लाख रुपये खर्च किए।

इसके बाद आरोपी ने और अधिक लाभ का लालच देकर शिकायतकर्ता के एक सहयोगी से संपत्ति के शेष हिस्से के लिए लगभग दो करोड़ रुपये दिलवाए। यह राशि कथित रूप से संपत्ति के दस्तावेजों के आधार पर ली गई, जो बाद में जांच में जाली पाए गए।

राशि मिलने के बाद आरोपी ने निर्माण कार्य में बाधा डालनी शुरू कर दी और कथित तौर पर दो करोड़ रुपये की और मांग की। बाद में समझौते को एकतरफा रद्द कर दिया गया।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी का कार्यालय वास्तव में मौजूद ही नहीं था और प्रस्तुत किए गए कई दस्तावेज भी फर्जी थे। आरोप है कि इससे पहले भी इसी तरह की रणनीति अपनाकर अन्य संस्थाओं के साथ भी धोखाधड़ी की गई थी।

पुलिस ने पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# चुनाव आयोग के बयान पर माकपा ने जताई कड़ी आपत्ति, लिखा पत्र

### सफेद झूठ बोल रहा निर्वाचन आयोग : मोहम्मद सलीम

**कोलकाता, समाज्ञा :** माकपा ने चुनाव आयोग द्वारा 9 मार्च को जारी उस बयान पर औपचारिक विरोध दर्ज कराया है, जिसमें दावा किया गया था कि अधिकांश राजनीतिक दलों ने एसआईआर प्रक्रिया की सराहना की है। माकपा के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने मुख्य चुनाव आयुक्त को कड़ी चिट्ठी लिखी है, जिसमें इस दावे को 'सफेद झूठ' और तथ्यों से परे करार दिया है। मोहम्मद सलीम ने कहा कि यह कहना पूरी तरह गलत है कि राजनीतिक दलों ने इस प्रक्रिया पर भरोसा जताया है। उन्होंने सवाल उठाया कि आयोग उन दलों के नाम सार्वजनिक क्यों नहीं कर रहा, जिन्होंने सराहना की और जिन्होंने विरोध किया? मो सलीम ने अपने पत्र में आरोप लगाया है कि तार्किक विसंगतियों के नाम पर राज्य के 60 लाख से अधिक मतदाताओं को मानसिक तनाव और अनिश्चितता में धकेल दिया गया है। यह उनके मौलिक मतदान अधिकार पर सीधा हमला है। माकपा का कहना है कि एसआईआर दस्तावेजों के सत्यापन में न्यायपालिका का हस्तक्षेप आयोग की प्रशासनिक निष्क्रियता का परिणाम है। पार्टी ने आगाह किया है कि चुनावी रोल को आरएसएस-भाजपा के वैचारिक एजेंडे के अनुसार ढालने का कोई भी प्रयास आयोग के संवैधानिक जनादेश का उल्लंघन होगा। माकपा ने मांग की कि किसी भी पात्र मतदाता को उसके धर्म, राजनीति या आर्थिक स्थिति के आधार पर लूची से बाहर न किया जाए। सलीम ने लिखा कि भ्रामक दावे करके आयोग न केवल अपनी संस्थागत गरिमा खो रहा है, बल्कि भारत के संविधान की पवित्रता को भी कमजोर कर रहा है। पार्टी ने आयोग से अपने रुख को सुधारने और मतदाता सूची संशोधन की प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और समावेशी बनाने का आग्रह किया है। माकपा ने जनता से भी अपील की है कि वे अपने लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए सतर्क रहें।

## पूर्व रेलवे विभिन्न रूटों पर चलाएगा 18 अनारक्षित विशेष ट्रेनें

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए विभिन्न दिशाओं में 18 अनारक्षित विशेष ट्रेनों को चलाने का निर्णय लिया है। ये ट्रेनें मार्च महीने में अलग-अलग तिथियों पर हावड़ा और सियालदह से विभिन्न स्टेशनों के बीच संचालित की जाएंगी। 13 मार्च को 03540 बाराकर-हावड़ा स्पेशल बाराकर से रात 8:55 बजे चलकर अगले दिन 2:45 बजे हावड़ा पहुंचेगी, जबकि 03539 हावड़ा-बाराकर स्पेशल 14 मार्च को रात 8:50 बजे हावड़ा से चलकर अगले दिन 3:00 बजे बाराकर पहुंचेगी। उसी दिन, 03542 आसनसोल-हावड़ा स्पेशल रात 10:00 बजे आसनसोल से चलकर अगले दिन 3:55 बजे हावड़ा पहुंचेगी और 03541 हावड़ा-आसनसोल स्पेशल 14 मार्च को रात 10:00 बजे हावड़ा से चलकर अगले दिन 3:30 बजे आसनसोल पहुंचेगी। 03544 दुर्गापुर-हावड़ा स्पेशल 13 मार्च को रात 9:55 बजे दुर्गापुर से चलकर अगले दिन 3:15 बजे हावड़ा पहुंचेगी, जबकि 03543 हावड़ा-दुर्गापुर स्पेशल 14 मार्च को शाम 7:15 बजे हावड़ा से चलकर उसी दिन रात 11:30 बजे दुर्गापुर पहुंचेगी।

इसी प्रकार, 03546 सिउड़ी-हावड़ा स्पेशल 13 मार्च को रात 10:00 बजे सिउड़ी से चलकर अगले दिन 4:50 बजे हावड़ा पहुंचेगी और 03545 हावड़ा-सिउड़ी स्पेशल 14 मार्च को शाम 7:00 बजे हावड़ा से चलकर अगले दिन 3:30 बजे सिउड़ी पहुंचेगी। 03420 मालदह टाउन-हावड़ा स्पेशल 13 मार्च को रात 9:10 बजे मालदह टाउन से चलकर अगले दिन सुबह 5:10 बजे हावड़ा पहुंचेगी, जबकि 03419 हावड़ा-मालदह टाउन स्पेशल 14 मार्च को शाम 7:55 बजे हावड़ा से चलकर अगले दिन सुबह 3:55 बजे मालदह टाउन पहुंचेगी।

इसके अलावा, 03422 न्यू फरक्का-हावड़ा स्पेशल 13 मार्च को रात 9:00 बजे न्यू फरक्का से चलकर अगले दिन 4:30 बजे हावड़ा पहुंचेगी और 03421 हावड़ा-न्यू फरक्का स्पेशल 14 मार्च को रात 9:20 बजे हावड़ा से चलकर अगले दिन सुबह 5:00 बजे न्यू फरक्का पहुंचेगी। 03020 मुराराई-हावड़ा स्पेशल 13 मार्च को रात 9:00 बजे मुराराई से चलकर अगले दिन 2:00 बजे हावड़ा पहुंचेगी, जबकि 03019 हावड़ा-मुराराई स्पेशल 14 मार्च को रात 8:35 बजे हावड़ा से चलकर अगले दिन 3:35 बजे मुराराई पहुंचेगी। 14 मार्च को 03022 कटवा-हावड़ा स्पेशल सुबह 6:00 बजे कटवा से चलकर 10:20 बजे हावड़ा पहुंचेगी और 03021 हावड़ा-कटवा स्पेशल शाम 6:45 बजे हावड़ा से चलकर रात 10:45 बजे कटवा पहुंचेगी। इसी दिन, 03120 पलासी-सियालदह स्पेशल सुबह 6:00 बजे पलासी से चलकर 11:00 बजे सियालदह पहुंचेगी, जबकि 03119 सियालदह-पलासी स्पेशल शाम 6:30 बजे सियालदह से चलकर रात 11:00 बजे प्लासी पहुंचेगी।

इसके अलावा, 03121 काकद्वीप-सियालदह स्पेशल सुबह 7:50 बजे काकद्वीप से चलकर 10:30 बजे सियालदह पहुंचेगी और 03122 सियालदह-काकद्वीप स्पेशल शाम 7:00 बजे सियालदह से चलकर रात 9:45 बजे काकद्वीप पहुंचेगी। 03124 बशीरहाट-सियालदह स्पेशल सुबह 7:00 बजे बशीरहाट से चलकर 10:15 बजे सियालदह पहुंचेगी तथा 03123 सियालदह-बशीरहाट स्पेशल रात 9:00 बजे सियालदह से चलकर रात 11:00 बजे बशीरहाट पहुंचेगी।

इसी क्रम में, 03138 रानाघाट-सियालदह स्पेशल सुबह 6:45 बजे रानाघाट से चलकर 9:15 बजे सियालदह पहुंचेगी और 03137 सियालदह-रानाघाट स्पेशल रात 8:45 बजे सियालदह से चलकर रात 11:00 बजे रानाघाट पहुंचेगी। 03140 बनगांव-सियालदह स्पेशल सुबह 6:00 बजे बनगांव से चलकर 9:00 बजे सियालदह पहुंचेगी, जबकि 03139 सियालदह-बनगांव स्पेशल रात 8:30 बजे सियालदह से चलकर रात 11:00 बजे बनगांव पहुंचेगी।

इसके साथ ही, 03143 कैनिंग-सियालदह स्पेशल सुबह 8:00 बजे कैनिंग से चलकर 10:00 बजे सियालदह पहुंचेगी और 03144 सियालदह-कैनिंग स्पेशल रात 9:10 बजे सियालदह से चलकर रात 11:00 बजे कैनिंग पहुंचेगी। 03154 लालगोला-सियालदह स्पेशल 13 मार्च को रात 9:45 बजे लालगोला से चलकर अगले दिन सुबह 5:00 बजे सियालदह पहुंचेगी, जबकि 03153 सियालदह-लालगोला स्पेशल 14 मार्च को शाम 7:40 बजे सियालदह से चलकर अगले दिन सुबह 4:00 बजे लालगोला पहुंचेगी।

इसके अतिरिक्त, 03156 लालगोला-सियालदह स्पेशल 13 मार्च को रात 9:00 बजे लालगोला से चलकर अगले दिन सुबह 4:00 बजे सियालदह पहुंचेगी और 03155 सियालदह-लालगोला स्पेशल 14 मार्च को रात 9:15 बजे सियालदह से चलकर अगले दिन सुबह 4:15 बजे लालगोला पहुंचेगी। 03160 गेड़े-सियालदह स्पेशल 14 मार्च को सुबह 6:00 बजे गेड़े से चलकर 9:30 बजे सियालदह पहुंचेगी, जबकि 03159 सियालदह-गेदे स्पेशल शाम 6:45 बजे सियालदह से चलकर रात 10:15 बजे गेदे पहुंचेगी। अंत में, 03166 शांतिपुर-सियालदह स्पेशल सुबह 7:30 बजे शांतिपुर से चलकर 10:30 बजे सियालदह पहुंचेगी और 03165 सियालदह-शांतिपुर स्पेशल शाम 7:15 बजे सियालदह से चलकर रात 10:15 बजे शांतिपुर पहुंचेगी।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 12 मार्च, गुरुवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, चैत्र कृष्णपक्ष नवमी, 30:30 तक, नक्षत्र : मूल, 24:35 तक, योग : सिद्धि, 09:51 तक, सूर्योदय: 05:50, सूर्यास्त: 17:44, चन्द्रोदय : 00:51, चन्द्रास्त: 11:28, शक सम्वतः 1943 विश्वावसु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : धनु, राहू काल : 13:15 से 14:43

## राशिफल

**मेष :** धन से जुड़े कोई मामला हल हो सकता है। आपको धनलाभ हो सकता है। इससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आप कार्यक्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। जीवनसाथी के साथ बातें कर सकते हैं।

**वृष :** वृषभ राशि के शादीशुदा जातकों को संतान पक्ष की ओर से धनलाभ हो सकता है। आपको अधिक खर्च करने से बचना होगा वरना परेशानी हो सकती है। पार्टनर के साथ तनाव हो सकता है।

**मिथुन :** सेहत के लिहाज से मिथुन राशि वालों का दिन अच्छा रहेगा। आपको धनलाभ हो सकता है और परिवार के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। कारोबारियों को मुश्किलें हो सकती हैं।

**कर्क :** आपकी किसी आदत के कारण जीवनसाथी से तनाव हो सकता है। आप अचानक से यात्रा पर जा सकते हैं। आपको जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** आपका दिन अच्छा रहेगा लेकिन किसी कारण खर्च बढ़ने से आपको तनाव हो सकता है। किसी काम के सिलसिले में यात्रा पर जा सकते हैं। जीवनसाथी के साथ समय बिताएं।

**कन्या :** किसी पुराने निवेश से कन्या राशि वालों को लाभ मिल सकता है। आप जीवनसाथी के साथ समय बिताएं इससे आपका रिश्ता शानदार होगा। आपसी संबंध में निखार आएगा।

**तुला :** तुला राशि वालों को आर्थिक तौर पर नुकसान हो सकता है। निवेश करने से पहले कई बार सोचें। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। पार्टनर से नजदीकी बढ़ेगी।

**वृश्चिक :** कामकाज के लिहास से वृश्चिक राशि वालों का दिन अच्छा रहेगा। आपको कारोबार या नौकरी से लाभ हो सकता है। दिन में जीवनसाथी से विवाद हो सकता है।

**धनु :** धनु राशि के लोगों को अचानक से धनलाभ हो सकता है। आपका आर्थिक तनाव खत्म होगा। वैवाहिक तौर पर आपका समय अच्छा रहेगा। जीवनसाथी से सरप्राइज मिल सकता है।

**मकर :** मकर राशि वालों का कोई काम लंबे समय से अटका हुआ है तो वह पूरा हो सकता है। जीवनसाथी से किसी बात को लेकर विवाद हो सकता है। समझदारी से बात को संभाल सकते हैं।

**कुम्भ :** आपको आर्थिक तौर पर लाभ हो सकता है। परिवार के साथ किसी कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। आप जीवनसाथी के साथ मिलकर आज अधिक खर्च कर सकते हैं।

**मीन :** प्यार के लिहाज से आपका दिन अच्छा रहेगा। जीवनसाथी के साथ आप अच्छा महसूस करेंगे। आपको पार्टनर से सरप्राइज मिल सकता है।

## वर्ग पहेली नं. 3376

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | ■ | 6 | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | | 10 | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | |
| | ■ | 13 | | | ■ | 14 | | 15 | |
| 16 | 17 | | ■ | ■ | 18 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | |
| 21 | | | | ■ | 22 | 23 | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | 24 | 25 | ■ | 26 | | 27 | 28 |
| | ■ | 29 | | | | | ■ | 30 | |

*ऊपर से नीचे :-* 1) साँठगाँठ, 2) ले आना, 3) वस्त्र, 4) आनंद, 5) कमल, 7) जसोमति, 10) गरमाना, 12) प्रेमी, 15) प्रसिद्ध, 17) मृदुल, 18) प्रतियोगिता, 19) फनस, 20) छेना, 21) एक कुंडलाकार मिठाई, 23) तलहटी, 25) राय; नहीं, 27) अधिकार, 28) रोग. *(उत्तरः अगले अंक में)*

*बायें से दायें :-* 1) मृदुभाषी, 3) अंत; परिणाम, 6) सहायक; *असिस्टेंट,* 8) प्रकट, 9) बौद्ध भिक्षु, 11) रसा *(तरकारी का),* 13) पक्षी, 14) शर्मनाक, 16) रुष्ट होना; फैलना, 18) एक वेद, 19) कीचड़, 20) छरहरा *(शरीर),* 21) भीड़भाड़, 22) मूर्खता, 24) वे और मैं, 26) अंगलेप; *लोशन,* 29) नुकताचीन; छिद्रान्वेषक, 30) ऋण.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शि | क्षा | प्र | द | ■ | का | फि | ला | ■ | ज |
| ष्य | ■ | सा | र | मे | य | ■ | भा | व | न |
| ■ | चं | द | ■ | धा | र | क | ■ | सा | ग |
| दं | गा | ■ | हा | वी | ■ | ति | थि | ■ | ण |
| प | ■ | औ | र | ■ | ठ | प | ■ | पा | ना |
| ति | ल | ■ | जी | जा | ■ | य | था | र्थ | ■ |
| ■ | स | हि | त | ■ | पू | ■ | ने | ■ | ज़ |
| अं | ■ | सा | ■ | ब | रा | म | दा | ■ | मा |
| श | रा | ब | ख़ो | री | ■ | ■ | र | च | ना |

## सुडोकू-पहेली-3334

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 4 | | | | 3 | |
| | 6 | | 3 | 1 | | 9 | | |
| | | 4 | 6 | | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | | | 8 | | 5 | 6 | |
| | 9 | | | | | | | 8 |
| 3 | 7 | | 8 | | 4 | 6 | | |
| 5 | | | | | | | 4 | 2 |
| | | | | | 2 | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3333 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | 1 | 4 | 2 | 6 | 9 | 7 | 5 |
| 7 | 4 | 9 | 3 | 5 | 1 | 2 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 4 | 1 |
| 8 | 7 | 6 | 5 | 3 | 4 | 1 | 2 | 9 |
| 9 | 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 4 | 3 | 6 |
| 1 | 3 | 4 | 6 | 9 | 2 | 8 | 5 | 7 |
| 2 | 6 | 3 | 7 | 1 | 8 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 9 | 8 | 2 | 6 | 5 | 7 | 1 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 9 | 4 | 3 | 6 | 8 | 2 |

गुरुवार, 12 मार्च 2026


मौसम

| | |
|---|---|
| तापमान | 22 – 30 |
| आर्द्रता | 62% |
| सूर्योदय: 05:50 | सूर्यास्त: 17:44 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष नवमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये




केंद्र तमिलनाडु के विकास की प्रतिबद्धता के प्रति पूरी तरह से समर्पित : मोदी पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ दो, चार, और पांच पर

सुविचार : सच्चे अर्थों में हँसना, अपने दर्द को स्वीकार कर उसे खेल की तरह लेना है।


JAISWAL INDUSTRIAL PARK PHASE I & II
COMPLETE COMMERCIAL PLOTS AVAILABLE WITH FILLING AND BOUNDARY
JUST 3 MINS FROM DANKUNI HOUSING
CALL: 7003982830 email: udgeethdevelopers@gmail.com
DIVYANSH JAISWAL

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


# केंद्र का राज्यों को एलपीजी आपूर्ति पर नजर रखने, जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने का निर्देश



**नयी दिल्ली :** केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में एलपीजी आपूर्ति पर कड़ी नजर रखने और सिलेंडर की जमाखोरी या कालाबाजारी रोकने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण देश में वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कमी के बीच, यह निर्देश दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि गृह सचिव गोविंद मोहन ने देश के विभिन्न हिस्सों से गैस सिलेंडर की कमी की खबरें आने के बाद बुलाई गई एक ऑनलाइन बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में राज्यों के मुख्य सचिव, उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अधिकारियों और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) शामिल हुए। अधिकारियों ने बताया कि मोहन ने अधिकारियों को एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति पर नजर रखने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कोई जमाखोरी या कालाबाजारी न हो, जिससे कीमतें बढ़ें। डीजीपी से यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि घरेलू एलपीजी सिलेंडर की बिक्री और वितरण सुचारू हो और कानून व्यवस्था की स्थिति नहीं बिगड़े। वहीं मुख्य सचिवों को पुलिस और अन्य अधिकारियों से स्थिति की नियमित रिपोर्ट लेने और केंद्र के निर्देशों के बारे में पुलिस को जानकारी देने के लिए कहा गया। गृह सचिव ने अधिकारियों को देश में कथित ईंधन की कमी को लेकर किसी भी तरह की अफवाह फैलाने पर रोक लगाने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया है।

## घरेलू रसोई गैस का पर्याप्त भंडार मौजूद, घबराहट में सिलेंडर बुक न करें: पेट्रोलियम मंत्रालय

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित होने के बीच पेट्रोलियम मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि घरेलू रसोई गैस की जरूरतें पूरी करने के लिए देश के पास पर्याप्त भंडार मौजूद है और लोगों को घबराहट में आकर सिलेंडर बुक करने की जरूरत नहीं है। इसके साथ ही मंत्रालय ने कहा कि घरेलू रिफाइनरी कंपनियों ने भी एलपीजी उत्पादन 25 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है। इसके अलावा भारत होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आपूर्ति बाधित होने के बाद नए स्रोतों से कच्चा तेल लेने में भी सफल रहा है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने यहां संवाददाताओं के साथ बातचीत में कहा कि सरकार के प्रयास घरों तक निर्बाध ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने पर केंद्रित हैं। उन्होंने कहा कि भारत अपनी एलपीजी जरूरत का करीब 60 प्रतिशत हिस्सा आयात करता है और इसका 90 प्रतिशत आयात होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते ही आता है। ऐसे में गैस आपूर्ति बाधित होने से वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के ऊपर घरेलू उपयोग को प्राथमिकता देने का सरकार ने फैसला किया है। पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद मंत्रालय स्तर की पहली मीडिया ब्रीफिंग में शर्मा ने कहा, ऐसी स्थिति में कुछ स्थानों से घबराहट में सिलेंडर की बुकिंग और गलत सूचना के कारण जमाखोरी किए जाने की खबरें मिली हैं। लेकिन लोगों को घबराने की कोई जरूरत नहीं है। हमारे पास इसका पर्याप्त भंडार मौजूद है।'

## ऊर्जा संकट पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, घबराने की जरूरत नहीं

**तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु) :** पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण रसोई गैस की किल्लत के बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को लोगों से नहीं घबराने की अपील की और जनहित की रक्षा का आश्वासन दिया। तमिलनाडु में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कथित भ्रष्टाचार, वंशवादी राजनीति और वादे पूरे नहीं करने को लेकर सत्तारूढ़ द्रमुक पर भी निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने एलपीजी संकट से निपटने का भरोसा जताया, जहां व्यावसायिक एलपीजी की कमी ने देश के होटल क्षेत्र को बुरी तरह प्रभावित किया है। उन्होंने परोक्ष रूप से एलपीजी संकट का जिक्र करते हुए कहा, मैं लोगों से अपील करना चाहता हूं कि हम केवल सही और सत्यापित जानकारी ही फैलाएं। उन्होंने कहा कि इस संघर्ष ने पूरी दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति शृंखला को प्रभावित किया है। प्रधानमंत्री ने कहा, कोविड महामारी के दौरान, 140 करोड़ भारतीयों ने दुनिया को दिखाया कि हमारा राष्ट्र कितना परिपक्व है। मुझे विश्वास है कि एक राष्ट्र के रूप में, हम हर परिस्थिति का सफलतापूर्वक सामना करेंगे।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज



**नयी दिल्ली :** लोकसभा ने अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए लाए गए प्रस्ताव को बुधवार को ध्वनिमत से खारिज कर दिया। कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद द्वारा पेश किये गए संकल्प पर 12 घंटे से अधिक समय की चर्चा और गृह मंत्री अमित शाह के जवाब के बाद, पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने इसे मतदान के लिए सदन के समक्ष रखा। सदन ने विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच, ध्वनिमत से संकल्प को अस्वीकृत कर दिया। संकल्प पर चर्चा और मतदान के दौरान बिरला सदन में उपस्थित नहीं थे। गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ संकल्प लाने को लेकर विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी दलों ने बिरला की निष्ठा पर सवाल खड़े किए हैं, जो बहुत अफसोसजनक है।

## न्यायालय ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए 32 वर्षीय व्यक्ति को निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने निष्क्रिय इच्छामृत्यु (पैसिव युथनेसिया) की पहली बार स्वीकृति देते हुए 32 वर्षीय उस व्यक्ति की कृत्रिम जीवन रक्षक प्रणाली हटाने की बुधवार को अनुमति दे दी जो 12 साल से अधिक समय से कोमा में है। निष्क्रिय इच्छामृत्यु का अर्थ है कि नाजुक स्थिति वाले किसी मरीज को जीवित रखने वाली चिकित्सा सहायता को रोकने या जीवन रक्षक प्रणाली को हटाने की अनुमति देना ताकि उसकी स्वाभाविक रूप से मौत हो सके। इस फैसले के साथ ही न्यायालय ने केंद्र सरकार से निष्क्रिय इच्छामृत्यु पर एक व्यापक कानून बनाने पर विचार करने का आग्रह किया ताकि इससे ''उन मामलों में स्पष्टता मिलेगी जो बेहद व्यावहारिक और भावनात्मक रूप से संवेदनशील हैं।'' न्यायालय ने कहा कि कानून के अभाव के कारण, उसे हस्तक्षेप करने और दिशानिर्देश देने के लिए विवश होना पड़ा क्योंकि यह संस्थागत वरीयता का मामला नहीं बल्कि संवैधानिक आवश्यकता का मामला है, ताकि मौलिक अधिकारों की शुचिता, विशेष रूप से गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार की रक्षा की जा सके। गाजियाबाद निवासी हरीश राणा 2013 में एक इमारत की चौथी मंजिल से गिरने के कारण सिर में चोट लगने से घायल हो गया था और वह एक दशक से अधिक समय से कोमा में है। वह पंजाब विश्वविद्यालय का छात्र था। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को राणा को उपशामक देखभाल इकाई में भर्ती करने का निर्देश दिया ताकि चिकित्सकीय उपचार बंद किया जा सके। पीठ ने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि उपचार एक सुनियोजित तरीके से बंद किया जाए ताकि गरिमा बनी रहे।

# केंद्र को संकट से बचने के लिए पर्याप्त एलपीजी और तेल भंडार सुनिश्चित करना चाहिए था : ममता

### आज मुख्यमंत्री नवान्न में एलपीजी डीलरों और अधिकारियों के साथ करेंगी बैठक



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को एलपीजी आपूर्ति में कमी को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना की और उस पर रसोई गैस और पेट्रोलियम उत्पादों के पर्याप्त भंडार सुनिश्चित करने में विफल रहने का आरोप लगाया। एक बांग्ला समाचार चैनल से बातचीत में ममता ने कहा कि केंद्र सरकार को ऊर्जा आपूर्ति में मौजूदा व्यवधानों के मद्देनजर पाबंदी लगाने से पहले देश में एलपीजी, तेल और गैस के पर्याप्त भंडार सुनिश्चित करने चाहिए थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को पहले एलपीजी, तेल और गैस के पर्याप्त भंडार सुनिश्चित करने चाहिए थे। उन्होंने स्थिति से निपटने के लिए उचित योजना बनाए बिना प्रतिबंध लगा दिए हैं। एलपीजी की आपूर्ति में देरी की खबरों के बीच मुख्यमंत्री ने कहा कि वह स्थिति से निपटने के तरीकों पर चर्चा करने और संभावित विकल्पों का पता लगाने के लिए आज राज्य सचिवालय में एलपीजी डीलरों और अधिकारियों के साथ एक आपातकालीन बैठक करेंगी। ममता ने कहा कि राज्य सरकार वित्तीय परेशानी के बावजूद उपभोक्ताओं को सहायता देने के लिए तैयार है। हालांकि, उन्होंने संकेत दिया कि यदि आपूर्ति सीमित रहती है तो केवल वित्तीय सहायता से समस्या का समाधान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार वित्तीय समस्याओं से जूझ रही है, फिर भी हम लोगों की मदद करने की कोशिश कर सकते हैं। जरूरत पड़ने पर मैं सब्सिडी देना चाहती हूं, लेकिन अगर गैस ही उपलब्ध नहीं है तो उससे भी ज्यादा मदद नहीं मिलेगी। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि केंद्र ऊर्जा संकट से उत्पन्न मुद्दों को सुलझाने के बजाय राजनीति पर अधिक ध्यान दे रहा है। उन्होंने कई राज्यों में जारी मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र सरकार एसआईआर करा सकती है और मतदाताओं के नाम हटा सकती है, लेकिन वह देश के गैस और तेल भंडार का प्रबंधन नहीं कर सकती।

## 'दूसरे राज्यों में नहीं भेजें गैस सिलेंडर', रसोई गैस की किल्लत मुख्यमंत्री का डीलरों से अनुरोध

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य की रिफाइनरी को रसोई गैस की स्थानीय स्तर पर मांग को पूरा करने को प्राथमिकता देने का बुधवार को निर्देश दिया और आग्रह किया कि राज्य के भीतर उत्पादित एलपीजी को फिलहाल बाहर न भेजा जाए। उन्होंने कहा कि अगर खाना पकाने के गैस सिलेंडर राज्य से बाहर चले जाते हैं, तो संकट के समय हम उन्हें वापस नहीं ला पाएंगे। हमें सबसे पहले अपने घरों का ख्याल रखना होगा। मुख्यमंत्री ने अलीपुर इलाके के सौजन्य में तेल और गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से यह बात कही। उन्होंने विशेष रूप से हल्दिया, कोलाघाट और दुर्गापुर की रिफाइनरी से घरों और आवश्यक सेव-ाओं को रसोई गैस की आपूर्ति पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया।

# युद्धजनित तनाव का असर कोलकाता में, ऑटो किराया बढ़ा

### रेस्टोरेंट उद्योग में एलपीजी संकट की आशंका, सीएनजी के दाम 5 रुपये बढ़े



ईंधन संकट की मार, सीएनजी पंपों पर लंबी कतारें

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम एशिया में ईरान, इजराइल और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव का असर अब कोलकाता में भी महसूस किया जाने लगा है। ईंधन आपूर्ति में बाधा के कारण सीएनजी की कीमतों में वृद्धि हुई है, वहीं रेस्टोरेंट और उद्योगों के लिए एलपीजी की उपलब्धता को लेकर चिंता बढ़ गई है। बुधवार तड़के से ही शहर के विभिन्न सीएनजी पंपों पर ऑटो चालकों की लंबी कतारें देखी गईं। चालकों का कहना है कि कीमतों में अचानक हुई वृद्धि की कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई। मंगलवार रात तक सीएनजी की कीमत 57.68 रुपये प्रति किलोग्राम थी, जो बढ़कर 62.68 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। कई चालकों ने बताया कि गैस भरवाने के लिए उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ा और कई स्थानों पर उनकी बारी आने से पहले ही गैस समाप्त हो गई।

ईंधन की बढ़ती कीमतों का असर अब यात्रियों पर भी पड़ने लगा है। शहर के कई ऑटो मार्गों पर किराया बढ़ा दिया गया है। चिंगड़ीघाटा से सॉल्टलेक सेक्टर-5 जाने वाले यात्रियों ने बताया कि किराया 15 रुपये से बढ़ाकर 18 रुपये कर दिया गया है। इसी तरह, गड़िया-बारुईपुर और सोनारपुर-गड़िया मार्ग पर भी किराया बढ़ने की खबर है। ऑटो चालक संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि ईंधन की कीमतों में और वृद्धि होती है तो प्रति यात्रा 5 से 10 रुपये तक किराया बढ़ाना पड़ सकता है, अन्यथा सेवा प्रभावित हो सकती है।

चिंगड़ीघाटा से सॉल्टलेक सेक्टर-5 (एसडीएफ) ऑटो मार्ग पर किराया तीन रुपये बढ़ा दिया गया है। जो यात्री पहले 15 रुपये देते थे, अब उन्हें 18 रुपये चुकाने पड़ रहे हैं। चालकों का कहना है कि गैस की कीमतों में अचानक हुई वृद्धि के कारण यह कदम उठाना पड़ा।

इधर शहर के रेस्टोरेंट उद्योग पर भी दबाव बढ़ने लगा है। व्यावसायिक एलपीजी की आपूर्ति अनियमित होने से होटल और रेस्टोरेंट संचालकों में चिंता बढ़ गई है। डेकर्स लेन, पार्क सर्कस, पार्क स्ट्रीट, गोलपार्क, चांदनी चौक और एस्प्लेनेड क्षेत्र के कई रेस्टोरेंट मालिकों का कहना है कि गैस की आपूर्ति पहले की तरह नियमित नहीं रह गई है। उनका कहना है कि यदि स्थिति जल्द सामान्य नहीं हुई तो भोजन की कीमतों पर भी असर पड़ सकता

## गैस एजेंसियों के कार्यालयों के बाहर लंबी कतारें, पेट्रोल पंपों पर कामकाज सामान्य

कोलकाता और राज्य के कई अन्य स्थानों में बुधवार को रसोई गैस एजेंसियों के कार्यालयों और ऑटो के लिए एलपीजी गैस भरवाने वाले केंद्रों पर लंबी कतारें नजर आईं। हालांकि 'पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन' के अधिकारियों ने कहा कि राज्य भर के सभी 'फिलिंग स्टेशनों' पर पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता सामान्य रही। कोलकाता में एलपीजी से चलने वाले ज्यादातर ऑटो-रिक्शों की लंबी कतारें वितरण केंद्रों के बाहर देखी गईं। इस बीच, चालकों ने शिकायत की कि उन्हें ईंधन लेने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। एलपीजी डीलरों ने कहा कि उन्हें इस समय 'दो-सिलेंडर' गैस कनेक्शन जारी न करने के निर्देश मिले हैं और संकट के कारण आपूर्ति धीमी है।

## तेल आपूर्ति संकट के बीच विदेश मंत्री जयशंकर ने रूसी विदेश मंत्री लावरोव से बात की

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण तेल-गैस आपूर्ति अस्थिर होने के बीच, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कल्लास से बातचीत की। इस बातचीत का मुख्य उद्देश्य संकट के प्रभावों का प्रबंधन और कूटनीतिक प्रयासों का समन्वय करना था। ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को लगभग अवरुद्ध करने के बाद वैश्विक तेल और गैस की कीमतें तेजी से बढ़ गई हैं। यह संकरी जलसंधि फारस की खाड़ी एवं ओमान की खाड़ी के बीच स्थित है और लगभग 20 प्रतिशत वैश्विक तेल एवं एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) की आपूर्ति इसी मार्ग से होती है।

# ईरान ने वाणिज्यिक जहाजों, दुबई हवाई अड्डे और तेल सुविधाओं को बनाया निशाना, ऊर्जा संकट बढ़ा

### होर्मुज जलडमरूमध्य के पास थाईलैंड से भारत आ रहे एक कार्गो शिप पर हमला




**दुबई :** ईरान ने वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संकट बढ़ने और अमेरिकी व इजराइली हवाई हमलों के बीच तेल-समृद्ध क्षेत्र पर दबाव बनाने के अपने अभियान को तेज करते हुए फारस की खाड़ी में वाणिज्यिक जहाजों पर हमला किया व दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को निशाना बनाया। ईरान के दो ड्रोन दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास गिरे। दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लंबी दूरी की उड़ान भरने वाली विमानन कंपनी अमीरात का मुख्यालय है और अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए दुनिया का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा है। दुबई मीडिया कार्यालय के अनुसार, इस हमले में चार लोग घायल हुए हालांकि उड़ान परिचालन जारी रहा। ईरान के संयुक्त सैन्य कमान ने पश्चिम एशिया में बैंकों और वित्तीय संस्थानों को निशाना बनाने की कवायद शुरू करने की घोषणा की। इससे विशेष रूप से दुबई, सऊदी अरब और बहरीन द्वीप समूह खतरे में पड़ सकते हैं। इससे पहले, होर्मुज जलडमरूमध्य में ओमान के तट पर थाइलैंड के एक मालवाहक जहाज पर एक मिसाइल गिरी, जिससे पोत में आग लग गई। थाइलैंड के समुद्री विभाग के अनुसार, ओमान की नौसेना द्वारा 20 लोगों को बचाए जाने के बाद अधिकारी मयूरी नारी जहाज पर तैनात चालक दल के तीन लापता सदस्यों की तलाश कर रहे हैं। कुवैत ने कहा कि देश के रक्षा तंत्र ने ईरान के आठ ड्रोन मार गिराए जबकि सऊदी अरब ने शैबाह तेल क्षेत्र की ओर जा रहे पांच ड्रोनों को निशाना बनाया। ईरान ने इस संकरे जलडमरूमध्य में माल ढुलाई को लगभग पूरी तरह रोक दिया है। यहां से तेल परिवहन का कुल पांचवा हिस्सा गुजरता है। ईरान ने खाड़ी अरब देशों में तेल क्षेत्रों व रिफाइनरियों को भी निशाना बनाया है और इन हमलों का उद्देश्य वैश्विक अर्थव्यवस्था को इतना नुकसान पहुंचाना है, जिससे अमेरिका और इजराइल पर अपनी सैन्य कार्रवाई को बंद करने का दबाव पड़े।

**दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास ईरानी ड्रोन हमले में चार लोग घायल**

दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास बुधवार को हुए दो ईरानी ड्रोन हमलों में चार लोग घायल हो गए, हालांकि उड़ानों का संचालन जारी रहा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दुबई मीडिया कार्यालय ने सरकार की ओर से जारी बयान में कहा कि हमले में घाना के दो, बांग्लादेश व भारत के एक-एक नागरिक को मामूली चोटें आई हैं। उसने कहा कि हवाई अड्डे पर उड़ानों का संचालन सामान्य रूप से जारी है। दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अंतरराष्ट्रीय यात्राओं के लिए दुनिया का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा है।

**पश्चिमी एशिया में वाणिज्यिक जहाजों पर हुए हमले में दो भारतीयों की मौत, एक लापता: विदेश मंत्रालय**

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के दौरान वाणिज्यिक जहाजों पर हुए हमले में दो भारतीयों की मौत हो गई और एक लापता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत खाड़ी क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है।

# भारत की रूस से कच्चे तेल खरीद 50 प्रतिशत बढ़ी

**नयी दिल्ली :** भारत की रूस से कच्चे तेल की खरीद में मार्च में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य संघर्ष के कारण तेल आपूर्ति बाधित होने के बीच भारत के वैकल्पिक स्रोतों के उपयोग के परिणामस्वरूप यह खरीद बढ़ी है। जहाज निगरानी आंकड़ों के अनुसार, भारत ने इस महीने लगभग 15 लाख बैरल रूसी तेल खरीदा, जो फरवरी में 10.4 लाख बैरल प्रतिदिन था। भारत, विश्व का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आयातक देश है और अपनी तेल आवश्यकताओं का 88 प्रतिशत विदेशों से प्राप्त करता है। भारत प्रतिदिन 58 लाख बैरल तेल की खपत करता है, जिसमें से 25 से 27 लाख बैरल सऊदी अरब, इराक और संयुक्त अरब अमीरात जैसे पश्चिम एशियाई देशों से होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से आता है। इस महत्वपूर्ण मार्ग के जरिये भारत की 55 प्रतिशत खाना पकाने की गैस (एलपीजी) और 30 प्रतिशत तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का भी परिवहन होता है, जिसका उपयोग बिजली, उर्वरक, सीएनजी और घरेलू खाना पकाने के लिए किया जाता है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही लगभग बंद है। इससे भारत को रूस से कच्चे तेल के वैकल्पिक स्रोतों की तलाश करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। मार्च में भारत ने होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते लगभग 26 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चे तेल का आयात करने की उम्मीद थी। वहीं दूसरी ओर, रूस से कच्चे तेल के आयात में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है।

## बदरीनाथ, केदारनाथ में इस वर्ष से गैर सनातनी का प्रवेश वर्जित

**देहरादून :** उत्तराखंड के बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में इस वर्ष से गैर सनातनी का प्रवेश वर्जित रहेगा। मंदिर समिति के एक पदाधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बोर्ड बैठक में इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई। द्विवेदी ने बताया कि यह निर्णय अगले माह शुरू हो रही यात्रा से लागू होगा और अब गैर सनातनी, मंदिर परिसरों और गर्भगृहों में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। इससे पहले, उन्होंने कहा था कि गैर हिंदुओं के प्रवेश पर रोक की व्यवस्था आदि शंकराचार्य के समय से ही है और भारतीय संविधान भी धार्मिक स्थलों के प्रबंधन का अधिकार देता है। द्विवेदी ने कहा, बदरीनाथ और केदारनाथ धाम कोई पर्यटक स्थल नहीं बल्कि आस्था के केंद्र हैं। ये वैदिक केंद्र हैं जिनकी स्थापना आदि शंकराचार्य ने की थी।

# कच्चे तेल के दाम में तेजी से शेयर बाजार फिसला; सेंसेक्स 1,342 अंक टूटा, निफ्टी 2,4000 अंक के नीचे

**शेयर बाजार में गिरावट से निवेशकों की पूंजी 5.14 लाख करोड़ रुपये घटी**

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,342 अंक का गोता लगा गया जबकि एनएसई निफ्टी 24,000 अंक के नीचे आ गया। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच कच्चे तेल के दाम में तेजी से शेयर बाजार में एक दिन की बढ़त के बाद गिरावट आई। कारोबारियों ने कहा कि इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और प्रमुख बैंकों के शेयरों में बिकवाली दबाव से भी बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,342.27 अंक यानी 1.72 प्रतिशत लुढ़क कर 76,863.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसमें 1,446.72 अंक तक की गिरावट आई थी। बीएसई में सूचीबद्ध 2,380 शेयरों में गिरावट आई जबकि 1,881 शेयर लाभ में रहे।

# कोलकाता में कुछ रेस्टोरेंट्स हुए बंद

## कमर्शियल गैस की आपूर्ति बाधित होने से बढ़ी समस्या

मधु सिंह

**कोलकाता, समाज्ञा :** मिडिल ईस्ट के तनाव का असर भारत में भी देखने को मिल रहा है। कोलकाता में कमर्शियल गैस की आपूर्ति बाधित होने लगी है और इसका असर अभी से महानगर के रेस्टोरेंट में देखने को मिलने लगा है। बताया जा रहा है कि अगले 1 से 2 दिनों में यह समस्या और बढ़ सकती है। कोलकाता में दो से तीन रेस्टोरेंट गैस की आपूर्ति बाधित होने के कारण बंद हो गए हैं। अब यह रेस्टोरेंट कब खुलेंगे इस पर अनिश्चियता है।



**❑ बंद हुए 22 साल पुराने रेस्टोरेंट के 2 ब्रांच**

श्यामबाजार में 22 साल पुराने रेस्टोरेंट 'भूतेर राजा दिलो बोर' के 2 ब्रांच बंद हो गए हैं। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ़ ईस्टर्न इंडिया के प्रेसिडेंट सुदेश पोद्दार ने बताया कि अगले एक-दो दिनों में यह समस्या और बढ़ने वाली है। गैस की आपूर्ति नहीं हो पाने के कारण कई रेस्टोरेंट ओनर्स काफी परेशान हैं।

**❑ रेस्टोरेंट्स ने मेनू में की छंटनी**

अंबुजा नेवटिया ग्रुप के सीओओ रमेश पांडे ने बताया कि गैस की आपूर्ति की समस्या को देखते हुए कई रेस्टोरेंट ने मेनू छोटे कर दिए हैं ताकि गैस का कंजप्शन काम किया जा सके। उन्होंने बताया कि हालातों को देखते हुए ऐसा लग रहा है कि यह समस्या और बढ़ने वाली है।

**❑ बंद हुआ 100 साल पुराना रेस्टोरेंट**

बताया जा रहा है कि लेक मॉल रोड में स्थित 100 साल पुराने रेस्टोरेंट पर भी मिडिल ईस्ट संकट का असर ऐसा पड़ा है कि रेस्टोरेंट को अपनी आउटलेट बंद करनी पड़ी। बनाना लीव्स ने अपनी आउटलेट बंद कर दी है जो कि कोलकाता में अपने साउथ इंडियन खाने के लिए लोकप्रिय है।

**❑ गैस बुकिंग काउंटरों के सामने लंबी कतारें**

इस बीच गैस बुकिंग काउंटरों के सामने भी लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं क्योंकि केवल कमर्शियल ही नहीं बल्कि घरेलू गैस भी बहुत ही मुश्किल से मिल रही है। कोलकाता समेत आसपास के जिलों में बुकिंग काउंटरों के सामने लंबी लाइन देखी जा रही है। अब देखना यह है कि अगले एक-दो दिनों में स्थित किस ओर जाती है।

# मध्यवर्ग की गैस समस्या का सहारा बना इंडक्शन ओवन, डर के बीच इलेक्ट्रिक चूल्हों की बिक्री में उछाल

**हुगली, समाज्ञा :** मध्य पूर्व में जारी युद्ध के असर अब आम लोगों की रसोई तक पहुंचने लगे हैं। अमेरिका और इजरायल के साथ ईरान के बीच तनाव और संघर्ष की स्थिति के कारण एलपीजी गैस की आपूर्ति पर असर पड़ रहा है। इसका सीधा असर घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडरों की उपलब्धता पर दिखाई दे रहा है। कमर्शियल गैस की कमी से होटल और रेस्तरां संचालक परेशानी में हैं, वहीं घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति भी अनियमित हो गई है। कई जगहों पर 25 दिन से पहले गैस की बुकिंग नहीं ली जा रही और बुकिंग के बाद भी समय पर सिलेंडर नहीं मिल रहा है। कुछ स्थानों पर ज्यादा कीमत वसूलने की शिकायत भी सामने आई है।



उत्तरपाड़ा के एक गैस कार्यालय के सामने ग्राहकों का गुस्सा भी देखने को मिला। इधर गैस की संभावित कमी को देखते हुए लोग अब विकल्प की तलाश में जुट गए हैं। हुगली के बैंडेल इलाके में इलेक्ट्रिक इंडक्शन ओवन की बिक्री अचानक कई गुना बढ़ गई है। गैस की उपलब्धता को लेकर आशंका के चलते लोग बड़ी संख्या में इंडक्शन और इलेक्ट्रिक ओवन खरीद रहे हैं।

ग्राहकों का कहना है कि अगर गैस की समस्या बढ़ती है तो खाना बनाने के लिए इलेक्ट्रिक ओवन ही सबसे भरोसेमंद विकल्प रहेगा। वहीं एक दुकानदार पलाश दास ने बताया कि उनके दुकान में पहले रोजाना औसतन तीन से चार इंडक्शन ओवन बिकते थे, लेकिन पिछले दो दिनों में करीब 70 से 80 ओवन बिक चुके हैं। दुकान में रखा लगभग सारा स्टॉक खत्म हो गया, जिसके बाद उन्हें दोबारा नया सामान मंगाना पड़ा।

उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए फिलहाल गैस की समस्या जल्द खत्म होती नहीं दिख रही है। ऐसे में कई लोग बिजली से चलने वाले ओवन को सस्ता और सुविधाजनक विकल्प मानकर खरीद रहे हैं।

## राज्य में बम धमकी के पीछे विदेशी सर्वर और वीपीएन का हुआ इस्तेमाल!

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में अदालतों, डाकघरों और पासपोर्ट कार्यालयों को भेजी गई बम धमकी की हालिया घटनाओं की जांच में सामने आया है कि आरोपितों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए विदेशी सर्वरों और वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) का इस्तेमाल किया। राज्य पुलिस के जांच अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि धमकी भरे ई-मेल का डिजिटल सुराग भारत के बाहर स्थित सर्वरों से जुड़ा हुआ मिला है। मामले का मुख्य साजिशकर्ता अभी फरार है और उसकी तलाश जारी है। बता दें कि पिछले सप्ताह राज्य के विभिन्न हिस्सों, विशेषकर कोलकाता में बम की धमकी वाले कई ई-मेल मिलने से दहशत फैल गई थी। अलग-अलग दिनों में अदालतों, डाकघरों और पासपोर्ट कार्यालयों को ऐसे संदेश भेजे गए थे।

## 'आयुष्मान भारत' योजना बंगाल में लागू क्यों नहीं, हाईकोर्ट ने राज्य से मांगा जवाब

कोलकाता, समाज्ञा

'आयुष्मान भारत' योजना पश्चिम बंगाल में लागू क्यों नहीं की गई है, इस संबंध में कोलकाता उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से उसका पक्ष स्पष्ट करने को कहा है। अदालत ने राज्य सरकार को चार सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल कर अपनी स्थिति बताने का निर्देश दिया है।

यह निर्देश मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल और न्यायमूर्ति पार्थसारथी सेन की खंडपीठ ने दिया। अदालत ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता की ओर से दो सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दायर किया जाएगा।

यह मामला भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आया। याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत में दलील दी कि आयुष्मान भारत केंद्र सरकार की एक जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजना है, जिससे देश के अधिकांश राज्यों के लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों में इस योजना के तहत गरीब और जरूरतमंद लोगों को इलाज की सुविधा मिल रही है, लेकिन पश्चिम बंगाल के लोग इस योजना के लाभ से वंचित हैं। इसी कारण अदालत से राज्य सरकार की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की गई थी।

मामले की अगली सुनवाई निर्धारित समय पर होगी, जब अदालत के समक्ष राज्य सरकार अपना पक्ष रखेगी।

### तमलुक के विधायक सौंमेन महापात्र की सुरक्षा में कटौती, बोले-

# 'मैं पार्टी का वफादार सिपाही'

**पूर्व मेदिनीपुर :** विधानसभा चुनाव से पहले तमलुक के विधायक और पूर्व मंत्री सौमेन महापात्र की सुरक्षा में कटौती किए जाने की खबर से राजनीतिक हलकों में चर्चा शुरू हो गई है। जानकारी के अनुसार पांशकुड़ा शहर स्थित उनके आवास की सुरक्षा में तैनात छह पुलिसकर्मियों को अचानक हटा लिया गया है। हालांकि फिलहाल उनकी सुरक्षा में तीन पुलिसकर्मी तैनात हैं।

सौमेन महापात्र वर्तमान में तमलुक के विधायक होने के साथ-साथ विधानसभा की स्थानीय निधि स्थायी समिति के अध्यक्ष भी हैं। मंत्री पद से हटने के बाद भी उन्हें पायलट कार



समेत सुरक्षा उपलब्ध थी। ऐसे में चुनाव से ठीक पहले उनकी सुरक्षा व्यवस्था में बदलाव को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

बताया गया है कि अभी उनकी सुरक्षा में कोलकाता पुलिस के दो और पश्चिम मेदिनीपुर जिला पुलिस का एक जवान तैनात है। हालांकि सुरक्षा में कटौती के कारणों को लेकर जिला पुलिस प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए सौमेन महापात्र ने कहा कि उन्हें भी इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। उन्होंने कहा, यह सुरक्षा गृह विभाग की ओर से दी गई थी, लेकिन इसे क्यों हटाया गया, इसकी जानकारी मुझे नहीं है। मैं पार्टी का वफादार सिपाही हूं। मुझे पार्टी से बहुत कुछ मिला है और इसके लिए मैं आभारी हूं।

उन्होंने यह भी बताया कि इस मुद्दे को वह पार्टी नेतृत्व के साथ चर्चा में उठाएंगे और 12 तारीख को इस संबंध में विस्तृत जानकारी देंगे।

## दुर्गापुर में पुलिस अधिकारी मनोरंजन मंडल के आवास पर फिर ईडी की छापेमारी

**आसनसोल :** कोयला तस्करी तथा बालू तस्करी सिंडिकेट के संचालन से जुड़े बूदबूद थाना के पूर्व प्रभारी मनोरंजन मंडल के दुर्गापुर के अंबुजा स्थित आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अधिकारियों ने छापा मारा। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानों के साथ पहुंची ईडी टीम ने करीब छह घंटे तक घर में सघन तलाशी अभियान चलाया। सूत्रों के अनुसार, इससे पहले 3 फरवरी को भी ईडी ने उनके आवास पर छापा मारकर कई दस्तावेजों की जांच की थी और उन्हें पूछताछ के लिए कोलकाता के सीजीओ कॉम्प्लेक्स में पेश होने का नोटिस दिया गया था।

हालांकि, कई बार समन भेजे जाने के बावजूद वह एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए। मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार की सुबह करीब 7 बजे इडी के चार अधिकारी सिटी सेंटर के अंबुजा स्थित पुलिस अधिकारी मनोरंजन मंडल के घर पहुंचे। ईडी के अधिकारियों ने मनोरंजन मंडल के आवास पर समन (नोटिस) भी चिपका दिया है।

पता चला है कि ईडी की ओर से पुलिस अधिकारी मनोरंजन मंडल को कल को 12.30 बजे तक कोलकाता स्थित ईडी कार्यालय में उपस्थित होने का नोटिस दिया गया है। ईडी अधिकारियों के घर में प्रवेश करते ही केंद्रीय सुरक्षा बल के जवानों ने घर को पूरी तरह से घेर लिया। किसी को भी घर के अंदर आने तथा बाहर जाने की अनुमति नहीं है। उल्लेखनीय है कि बीते तीन फरवरी को भी ईडी अधिकारियों ने मनोरंजन मंडल के घर पर लगभग दस घंटे से अधिक छापेमारी अभियान चला था।

## विधायक हुमायूं कबीर की पत्नी को पुलिस ने भेजा समन, वेटलैंड पर अवैध निर्माण का आरोप

**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद जिले के शक्तिपुर थाना ने भरतपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक हुमायूं कबीर की पत्नी मीरा सुल्ताना को समन जारी किया है। पुलिस ने उन्हें बुधवार की दोपहर 12 बजे थाने में उपस्थित होकर पूछताछ में सहयोग करने के लिए कहा है। पुलिस की यह कार्रवाई उस शिकायत के बाद हुई है जिसमें उन पर जल क्षेत्र को भरकर वहां अवैध निर्माण कराने का आरोप लगाया गया है। सूत्रों के अनुसार, आरोप है कि मीरा सुल्ताना ने एक जल क्षेत्र को मिट्टी डालकर समतल करवाया और उसके बाद वहां निर्माण कार्य शुरू कराया। इस संबंध में राज्य के भूमि एवं भूमि सुधार विभाग ने पहले



नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा था। निर्धारित समय में संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं मिलने के बाद विभाग ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद जांच प्रक्रिया शुरू की गई। भूमि एवं राजस्व विभाग की ओर से शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले को दर्ज कर जांच शुरू की। इसी कड़ी में, मीरा सुल्ताना को समन भेजकर थाने में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं है कि वे तय समय पर पुलिस के सामने पेश हुई या इस मामले में कोई कानूनी कदम उठाएंगी। आगे की कार्रवाई जांच के नतीजों पर निर्भर करेगी। उल्लेखनीय है कि विधायक हुमायूं कबीर का परिवार पहले भी कुछ मामलों को लेकर चर्चा में रहा है। हाल के महीनों में उनके दामाद को कथित रूप से नशीले पदार्थों से जुड़े एक मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। बताया जाता है कि उस केस में पुलिस ने विधायक की बेटी और दामाद से जुड़ी कुछ संपत्तियों को भी जांच के तहत जब्त किया था।

## बैंक खाते सीज करने के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे शतद्रु दत्त

**कोलकाता :** अर्जेंटीना के फुटबॉल सितारे लियोनेल मेसी के कोलकाता दौरे के दौरान युवभारती स्टेडियम में हुई अव्यवस्था से जुड़े मामले में नया मोड़ आ गया है। इस मामले के आरोपी शतद्रु दत्त ने अपने सभी बैंक खाते सीज किए जाने के खिलाफ कोलकाता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

शतद्रु दत्त की ओर से अदालत में दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि बिना उचित कानूनी प्रक्रिया अपनाए उनके सभी बैंक खाते सीज कर दिए गए हैं। उनके वकील अनिंद्य जाना ने अदालत को बताया कि इस कदम के कारण उनके मुवक्किल के सभी वित्तीय लेन-देन पूरी तरह बंद हो गए हैं।

याचिका में इस कार्रवाई को अवैध बताते हुए अदालत से अनुरोध किया गया है कि संबंधित बैंक खातों को तुरंत खोलने का निर्देश दिया जाए।

मिली जानकारी के अनुसार कोलकाता उच्च न्यायालय ने शतद्रु दत्त की याचिका स्वीकार कर ली है। मामले की सुनवाई आगामी बुधवार को न्यायमूर्ति अजय मुखर्जी की अदालत में होगी।

गौरतलब है कि अर्जेंटीना के विश्व प्रसिद्ध फुटबॉलर लियोनेल मेसी के कोलकाता दौरे के दौरान युवभारती स्टेडियम में हुई अव्यवस्था को लेकर पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था, जिसमें शतद्रु दत्त का नाम भी सामने आया था।

## पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन ने 20 एसिड अटैक सर्वाइवर्स को किया सम्मानित

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन (ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ) ने 'छांव फाउंडेशन' के सहयोग से सियालदह में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर 20 एसिड अटैक सर्वाइवर्स को सम्मानित किया। यह कार्यक्रम उनके साहस, संघर्ष और आत्मविश्वास को सलाम करने के साथ-साथ समाज में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर और विशिष्ट अतिथि ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ की अध्यक्ष सीमा देउस्कर की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान एक सर्वाइवर ने मंच पर अपनी जीवन यात्रा साझा करते हुए हमले के बाद झेली गई शारीरिक और



मानसिक चुनौतियों का भावुक वर्णन किया। कार्यक्रम में स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा एसिड हमले के प्रभाव पर आधारित एक नाटिका भी प्रस्तुत की गई, जबकि छांव फाउंडेशन के समन्वयक ने जागरूकता सत्र के माध्यम से समाज में संवेदनशीलता और सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर मिलिंद देउस्कर ने सर्वाइवर्स के साहस और सकारात्मक सोच की सराहना करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं, सीमा देउस्कर ने कहा कि ऐसे अपराधों को रोकने के लिए समाज को अधिक सजग और संवेदनशील बनने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का समापन सभी सर्वाइवर्स के सम्मान के साथ किया गया।

## बहरमपुर बस स्टैंड पर 25 लाख के मादक पदार्थ के साथ तीन गिरफ्तार



**मुर्शिदाबाद :** राज्य पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने खुफिया सूचना के आधार पर मुर्शिदाबाद जिले के बहरमपुर बस स्टैंड पर छापेमारी कर मादक पदार्थ तस्करी में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के नाम साहाबुद्दीन शेख उर्फ शमीम, अनारुल शेख और नासिरुद्दीन के रूप में हुई है। तीनों मुर्शिदाबाद जिले के निवासी बताए गए हैं। एसटीएफ के अधिकारियों ने बताया कि बुधवार की शाम चलाए गए अभियान के दौरान आरोपितों के पास से 554 ग्राम हेरोइन बनाने में प्रयुक्त कच्चा माल बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 25 लाख रुपये बताई जा रही है। इसके साथ ही कुछ अन्य आपत्तिजनक सामग्री भी जब्त की गई है। इस मामले में बहरामपुर थाने में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों को गुरुवार को अदालत में पेश किया गया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

## मोयना में भाजपा नेता की हत्या के मामले में नए तृणमूल नेता को एनआईए का नोटिस

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के मोयना में भाजपा नेता की हत्या के मामले में एनआईए के नोटिस को लेकर तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। सोमवार की शाम नोटिस मिलने की खबर सामने आने के बाद से इलाके में हलचल शुरू हो गई थी, जबकि बुधवार की सुबह से दोनों दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर और तेज हो गया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मोयना के बाकचार घोड़ामहल गांव में भाजपा बूथ अध्यक्ष विजयकृष्ण भुइयां का एक मई 2023 को अपहरण कर हत्या कर दी गई थी। मृत भाजपा नेता की पत्नी लक्ष्मीरानी ने मोयना थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उन्होंने तृणमूल के 34 नेता-कर्मियों के नाम का उल्लेख किया था। बाद में, अदालत के निर्देश पर इस मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपी गई। जांच के दौरान एनआईए पहले ही कई लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। नोटिस मिलने के बाद से ही इसे लेकर राजनीतिक विवाद शुरू हो गया है। तृणमूल नेता चंदन मंडल ने दावा किया है कि उन्हें राजनीतिक कारणों से परेशान किया जा रहा है। उनका आरोप है कि भाजपा छोड़कर तृणमूल में शामिल होने के कारण ही उन्हें इस मामले में फंसाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से उन्हें निशाना बनाया जा रहा है।

## मन का शुद्धिकरण जरूरी है : स्वामी त्रिभुवनपुरी



**कोलकाता :** भागवताचार्य स्वामी त्रिभुवनपुरी महाराज ने श्रद्धालु भक्तों के जीवन में सुख - शान्ति की शुभकामना देते हुए कहा होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, क्योंकि यह पर्व भगवान नृसिंह (विष्णु) द्वारा हिरण्यकश्यप पर विजय प्राप्त करने की स्मृति में मनाया जाता है। होली की उत्पत्ति भारत में हुई और यह मुख्य रूप से भारतीय उपमहाद्वीप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा मानव जीवन में मन का शुद्धिकरण जरूरी है। शरीर जल से, मन सत्य से, बुद्धि ज्ञान से और आत्मा संस्कार से पवित्र होती हैं बाकी सब कर्म एवम् स्वभाव पर निर्भर करता है। रामायण में दो पात्र हैं - विभीषण और कैकई। विभीषण रावण के राज्य में रहकर भी श्रीराम भक्त था और कैकई रामराज्य (अयोध्या) में रह कर भी नहीं सुधरी। स्वामी त्रिभुवनपुरी महाराज ने मानव जीवन में परस्पर सामाजिक सद्भावना से निःस्वार्थ सेवाकार्य करने की प्रेरणा दी। अनिल जालान, सुभाष जैन, विकाश गोयल एवम् श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे।

## बासंती में विवाहेत्तर संबंध के संदेह में पत्नी की गला रेतकर हत्या, पति गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के बासंती के माकाल पाड़ा इलाके में दूसरे आदमी से अफेयर के शक में पत्नी की गला रेतकर हत्या के आरोप में पति को गिरफ्तार किया गया है। मृतका की पहचान बिथिका शासमल (33) के तौर पर हुई है। आरोप है कि आरोपी पति बापन शासमल ने मंगलवार की रात सो रही पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, गोसाबा की बिथिका की शादी 15 साल पहले संदेशखाली निवासी बापन से हुई थी। उनकी एक 14 साल की बेटी भी है। बिथिका एक लोन कंपनी में काम करती थी। वह पिछले कुछ सालों से इस काम में लगी हुई थी। आरोप है कि उसके पति को अपने सहकर्मियों का साथ और हंगामा पसंद नहीं था। इस वजह से अक्सर पत्नी से विवाद होता था। उनकी बेटी ने बताया कि बापन



अक्सर अपनी पत्नी पर हाथ उठाता था। हाल ही में, पति-पत्नी के बीच रिश्ते बिगड़ने की वजह से बिथिका अपनी बेटी को लेकर बासंती में अपनी मौसी के घर चली गई थी। बापन मंगलवार को वहां गया था। आरोप है कि उसने देर रात सोते समय धारदार हथियार से अपनी पत्नी की हत्या कर दी और बाइक पर भाग गया। बुधवार की सुबह बासंती पुलिस ने उसे न्यू टाउन इलाके से गिरफ्तार कर लिया। मृतका के परिवार ने आरोपी के लिए सख्त सजा की मांग की है।

# हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष चर्चा

**कोलकाता, समाज्ञा :** हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर राइट्स, जस्टिस, एक्शन: फॉर ऑल वुमेन एंड गर्ल्स विषय पर एक विशेष चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम हेरिटेज कैंपस के स्वामी विवेकानंद ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया, जिसमें उद्योग, कूटनीति, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े कई प्रमुख वक्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में हेरिटेज के विभिन्न परिसरों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अतिथियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। इस कार्यक्रम में सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स की निदेशक जोइता सेन ने कहा कि समाज और कार्यस्थल दोनों की शुरुआत परिवार से होती है। उनके अनुसार जब परिवार में समानता होती है, तभी




समाज में सकारात्मक बदलाव की नींव पड़ती है और सोच में परिवर्तन आता है।

कॉग्निजेंट इंडिया की निदेशक (एचआर) और हेड ऑफ डाइवर्सिटी एंड इंक्लूजन श्रीदेवी पालित ने कार्यस्थलों पर समावेशी माहौल की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सच्चा सशक्तिकरण तभी संभव है जब संस्थाएं केवल प्रतिनिधित्व तक सीमित न रहें, बल्कि महिलाओं को नेतृत्व और नवाचार के लिए समान अवसर प्रदान करें।

निक्को केबल्स प्राइवेट लिमिटेड की चेयरपर्सन विनिता बाजोरिया ने उद्योग और उद्यमिता में महिलाओं की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज महिलाएं केवल भागीदारी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उद्योग और अर्थव्यवस्था को दिशा देने वाली महत्वपूर्ण निर्णयकर्ता बन रही हैं।

श्रीलेदर्स की निदेशक और 'हाउस ऑफ एसएल' की संस्थापक रोचिता दे ने अपने उद्यमशीलता के अनुभव साझा करते हुए बताया कि कई महिलाओं को उद्योग में पुरुष सहयोग के अभाव में लैंगिक भेदभाव और शोषण का सामना करना पड़ता है।

कोलकाता में ऑस्ट्रेलिया के महावाणिज्यदूत बर्नार्ड लिंच ने कहा कि महिलाओं और लड़कियों का सशक्तिकरण केवल सामाजिक आवश्यकता नहीं, बल्कि आर्थिक विकास और वैश्विक प्रगति के लिए भी आवश्यक है। वहीं, चार्नॉक अस्पताल के सीईओ प्रशांत शर्मा ने भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति के महत्व को रेखांकित किया।

हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के सीईओ प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि एक समान और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण में शिक्षा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में महिलाओं को शिक्षा, नेतृत्व के अवसर और नवाचार के माध्यम से सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया जाता है।

वहीं, हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्राचार्य प्रो. बासब चौधरी ने लैंगिक समानता को बढ़ावा देने में संस्थागत सहयोग के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों की जिम्मेदारी है कि वे ऐसा वातावरण तैयार करें, जहां प्रतिभा और योग्यता को लिंग के आधार पर नहीं आंका जाए।

## हावड़ा स्टेशन दौरे पर विदेशी अतिथि ने पूर्व रेलवे के रेलवन ऐप और यात्री सुविधाओं की सराहना की

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा स्टेशन के दौरे पर आए एक विशिष्ट विदेशी अतिथि ने पूर्व रेलवे द्वारा रेलवन सुपर ऐप के प्रचार-प्रसार तथा स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं की सराहना की। पूर्व रेलवे अपने अधिकार क्षेत्र में रेलवन सुपर ऐप को लोकप्रिय बनाने के लिए जागरूकता अभियान चला रहा है। इस अभियान के तहत भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के सदस्य, रेलवे कर्मचारी और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों को ऐप की विशेषताओं और लाभों की जानकारी देकर इसे अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

इसी दौरान, श्रीलंका के प्रतिष्ठित सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी और श्रीलंका के आठवें राष्ट्रपति के सलाहकार समन अथाउदाहेट्टी ने



हावड़ा स्टेशन का दौरा किया और पूर्व रेलवे के प्रयासों की सराहना की। वे पूर्व में श्रीलंका के प्रधानमंत्री के अतिरिक्त सचिव भी रह चुके हैं और एक लेखक तथा टेलीविजन प्रस्तोता के रूप में भी जाने जाते हैं। वर्तमान में वे भारतीय रेलवे पर पुस्तक लिखने के उद्देश्य से भारत के प्रमुख रेलवे स्टेशनों का अध्ययन कर रहे हैं। हावड़ा स्टेशन की अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने रेलवन सुपर ऐप की उपयोगिता की प्रशंसा करते हुए इसे डाउनलोड भी किया। उन्होंने स्टेशन की स्वच्छता, सुव्यवस्थित प्रबंधन और यात्री-अनुकूल सुविधाओं की सराहना करते हुए बोरो घड़ी, जीरो प्वाइंट, जन आहार आउटलेट और आरआरआई केबिन में भी रुचि दिखाई।

### सांवरिया सेठ मंदिर का खुला खजाना: चढ़ावे में आए 46.58 करोड़ रुपए

**जयपुर:** राजस्थान में चित्तौड़गढ़ के मंडफिया स्थित कृष्णधाम श्रीसांवरिया सेठ मंदिर में दानपेटी (भंडार) में आई दानराशि की गणना का सातवां और अंतिम चरण बुधवार को सम्पन्न हुआ जिसके साथ ही पिछले डेढ़ महीने में दानराशि का आंकड़ा 46 करोड़ 58 लाख रुपये के पार पहुंच गया। मंदिर मंडल ने यह जानकारी दी। मंदिर मंडल के अनुसार, सातवें चरण की गिनती में आठ लाख पांच हजार 642 रुपये प्राप्त हुए। इसी के साथ भंडार से निकली कुल नकद राशि 36 करोड़ 57 लाख 87 हजार 642 रुपये तक पहुंच गई। मंदिर मंडल के अनुसार, नकदी के अलावा ऑनलाइन और मनीऑर्डर के जरिए ठाकुरजी को 10 करोड़ 45 हजार 282 रुपये की भेंट प्राप्त हुई। दानपेटी और भेंटकक्ष से दो किलो 967 ग्राम 480 मिलीग्राम सोना और 152 किलो 609 ग्राम चांदी प्राप्त हुई।

### बिहार: बहू ने सास को बेलन से पीटा, मौत

**पटना:** बिहार के पटना जिले में बहू द्वारा कथित तौर पीटे जाने के बाद सास की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना पटना जिले के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र में मुरगिया टोला गांव में सोमवार को हुई। फुलवारी शरीफ के अनुमंडल पुलिस अधिकारी ( एसडीपीओ-1) सुशील कुमार ने यहां संवाददाताओं को बताया, बुजुर्ग महिला शबरा खातून को सोमवार को उसकी बहू ने कथित तौर पर बेलन से पीटा था। बहू ने सास का मुंह कपड़े से बंद कर दिया था। शबरा को उसके पति इलाज के लिए पटना स्थित एम्स ले गए, जहां मंगलवार को उसकी मौत हो गई। कुमार ने बताया कि शबरा के पति सोमवार को पहले उसे एक स्थानीय क्लिनिक ले गए थे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई थी।

# पश्चिम एशिया संकट के बीच राजस्थान में वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति बाधित



**जयपुर:** पश्चिम एशिया संकट के चलते वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति बाधित होने से राजस्थान में होटल, रेस्तरां, फैक्टरियां, शादी समारोहों के कैटरर्स और पर्यटन प्रतिष्ठान दैनिक संचालन में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। घरेलू और वाणिज्यिक गैस उपभोक्ता सिलेंडर सुरक्षित करने के लिए गैस एजेंसियों का चक्कर लगाते देखे गए। वाणिज्यिक सिलेंडरों की नई बुकिंग नहीं हो रही है, जिससे विभिन्न उद्योग प्रभावित हुए हैं। उद्योग प्रतिनिधियों ने कहा कि संकट ने उन क्षेत्रों में अनिश्चितता पैदा कर दी है जो एलपीजी पर अत्यधिक निर्भर हैं। रेस्तरां मालिकों का कहना है कि रसोई पहले से ही प्रभावित हो रही है और शादी समारोहों का खर्च भी गैस की कमी के कारण बढ़ने वाला है। 'जयपुर कैटरिंग डीलर्स कमेटी' के अनुसार, शहर में करीब 6,000 से 7,000 रेस्तरां और ढाबे वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों पर निर्भर हैं, इसके अलावा कई छात्रावास रसोईघर, 'मैस' सुविधाएं और हाईवे ढाबे भी रोजाना खाना बनाने के लिए इन सिलेंडरों का उपयोग करते हैं। कुछ रेस्तरां संचालक अब कोयला भट्ठी, डीजल बर्नर का सहारा लेने पर विचार कर रहे हैं। 'राजस्थान टेंट डीलर्स एसोसिएशन' के अध्यक्ष रवि जिंदल ने कहा कि सिलेंडरों की कमी से शादी का खर्च 25,000 से 30,000 रुपये तक बढ़ सकता है।

### बिहार में घरेलू गैस सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता, उपभोक्ताओं से घबराने या भीड़ न लगाने की अपील

**पटना:** वर्तमान घरेलू ईंधन संकट की स्थिति को देखते हुए बुधवार को पेट्रोलियम एजेंसियों ने बयान जारी कर स्पष्ट किया है कि बिहार में घरेलू उपयोग के लिए रसोई गैस सिलेंडर का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। अधिकारियों ने आम उपभोक्ताओं से घबराने या गैस एजेंसियों के पास अनावश्यक रूप से भीड़ नहीं लगाने की अपील की है। अधिकारियों के अनुसार, उपभोक्ताओं की सुविधा तथा गैस वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से भारत सरकार ने यह व्यवस्था लागू की है कि किसी भी घरेलू उपभोक्ता को अंतिम गैस सिलेंडर की आपूर्ति के 25 दिन बाद ही नए गैस सिलेंडर की बुकिंग करने की अनुमति होगी। बुकिंग दर्ज होने के बाद दो से तीन दिनों के भीतर घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

### रसोई गैस को लेकर अफरा-तफरी के बीच उत्तर प्रदेश सरकार सतर्क: विभिन्न जिलों में छापे मारे गये

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में उपभोक्ताओं की रसोई गैस एजेंसियों के बाहर उमड़ती भीड़ के बीच राज्य सरकार ने पेट्रोल, डीज़ल और रसोई गैस की आपूर्ति बाधित होने संबंधी अफवाहों और संभावित कालाबाजारी से निपटने के लिए कमर कस ली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को पूरे राज्य में कड़ी निगरानी और कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन और आपूर्ति विभाग की टीम ने तेल और रसोई गैस की जमाखोरी एवं कालाबाजारी को रोकने के लिए नोएडा से गोरखपुर तक जगह-जगह छापे मारे। अधिकारियों ने कहा कि मजिस्ट्रेट और प्रवर्तन दल गौतम बुद्ध नगर समेत विभिन्न जिलों में पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों पर सघन निरीक्षण कर रहे हैं ताकि इन चीजों की कालाबाजारी न हो सके।

### अविमुक्तेश्वरानंद ने गोरक्षा अभियान के लिए तीन मई से 81 दिवसीय 'गविष्टि यात्रा' की घोषणा की



**लखनऊ:** संत स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने गाय को 'राष्ट्र माता' का दर्जा देने और देशभर में गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग को लेकर तीन मई से 81 दिवसीय राज्यव्यापी अभियान शुरू करने की बुधवार को घोषणा की। उन्होंने यहां आयोजित एक सभा में बताया कि 'गविष्टि यात्रा' नाम का यह अभियान तीन मई को गोरखपुर से शुरू होगा और राज्य के विभिन्न जिलों व गांवों से गुजरते हुए 23 जुलाई को गोरखपुर में ही समाप्त होगा। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि 'गविष्टि' एक वैदिक शब्द है, जिसका प्रयोग गायों की रक्षा के संदर्भ में किया जाता है। उन्होंने कहा, यह यात्रा एक प्रकार की परिक्रमा होगी। इसकी शुरुआत गोरखपुर से होगी और समापन भी वहीं होगा।

### रसोई गैस सिलेंडरों से भरा ट्रक चोरी : मुठभेड़ के बाद सात आरोपी गिरफ्तार



**झांसी (उप्र):** झांसी जिले में होली के दौरान करीब 500 रसोई गैस सिलेंडरों से भरा एक ट्रक चोरी किये जाने के मामले में सीपरी बाजार क्षेत्र में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद सात आरोपियों को गिरफ्तार करके चोरी किए गए सिलेंडर बरामद कर लिये। पुलिस ने यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बी बी जीटीएस मूर्ति ने बुधवार को बताया कि सीपरी बाजार स्थित भारत पेट्रोलियम डिपो के एक ट्रक का चालक राजकुमार भारत गैस के भरे 524 सिलेंडरों से लदा अपना ट्रक डिपो के बाहर खड़ा कर होली मनाने अपने घर चला गया था। उन्होंने बताया कि अगले दिन वापस आने पर चालक को अपना ट्रक नहीं मिला जिसके बाद ट्रक मालिक नीरज अग्रवाल ने ट्रक चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। मूर्ति ने बताया कि अगले दिन ही चोरी हुआ ट्रक बड़ागांव थानाक्षेत्र में एक ढाबे के पास खड़ा पाया गया लेकिन उसके अंदर एक भी सिलेंडर नहीं था।

### अदालत ने वाराणसी में गलियारा निर्माण के खिलाफ अवमानना याचिका खारिज की

**प्रयागराज:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने वाराणसी में चार लेन के गलियारे (कॉरिडोर) के निर्माण को लेकर दायर अवमानना याचिका खारिज कर दी। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि उच्च न्यायालय के 11 अप्रैल, 2013 के आदेश का उल्लंघन कर शिवपुर से गुजरने वाले इस गलियारे का निर्माण किया जा रहा है। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने नारायण एवं अन्य याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। याचिकाकर्ताओं ने दलील दी कि उच्च न्यायालय ने उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए 11 अप्रैल, 2013 को अंतरिम आदेश पारित किया था और जमीन पर किसी भी तरह के निर्माण पर रोक लगाई थी। यह जमीन तालाब की है। बुधवार को जब इस मामले में सुनवाई शुरू हुई, मुख्य स्थायी अधिवक्ता बिपिन बिहारी पांडेय ने अदालत का ध्यान निर्देशों के पैराग्राफ 12 की ओर आकर्षित किया और बताया कि अंतरिम आदेश के बाद स्वयं याचिकाकर्ताओं ने निर्माण किया जो आदेश के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि अंतरिम आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया था कि उक्त जमीन पर कोई भी निर्माण नहीं किया जाएगा और ना ही तीसरे पक्ष के अधिकार का सृजन किया जाएगा।

## न्यूज अपडेट

### बिहार: नीतीश ने 'समृद्धि यात्रा' के दौरान 781 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया



**अररिया/किशनगंज:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को 'समृद्धि यात्रा' के दौरान अररिया और किशनगंज जिलों में लगभग 781 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने इन जिलों में जार विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा भी की। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, नीतीश ने अररिया जिले के लिए 157 करोड़ रुपये की लागत से 60 योजनाओं का उद्घाटन, 331 करोड़ रुपये की लागत से छह योजनाओं का शिलान्यास एवं 58 करोड़ रुपये की लागत से दो योजनाओं का कार्यारंभ किया। मुख्यमंत्री ने अररिया पुलिस लाइन में आवासीय एवं गैर-आवासीय भवनों के निर्माण और विद्युतीकरण कार्य का भी उद्घाटन किया। उन्होंने इसके साथ ही कटिहार-जोगबनी रेलखंड पर फोर्ब्सगंज और बथनाहा स्टेशनों के बीच सुभाष चौक के पास प्रस्तावित ऊपरी पुल के निर्माण सहित अन्य परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बयान में बताया गया कि मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी सेविकाओं, वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभार्थियों, साइकिल योजना से लाभान्वित छात्राओं, अक्षर आंचल योजना के लाभार्थियों और छात्र ऋण कार्ड योजना के लाभार्थियों से भी बातचीत की। बयान के मुताबिक, निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों से कहा कि सरकार सभी के कल्याण के लिए काम कर रही है और समाज के हर वर्ग की मदद के लिए प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने किशनगंज जिले में 235 करोड़ रुपये की लागत वाली 122 योजनाओं की शुरुआत की।

### बुआ को बचाने के प्रयास में गंगा में डूबने से हुई तीन युवकों की मौत

**भागलपुर:** बिहार में भागलपुर जिले के घोघा थानाक्षेत्र में बुधवार को गंगा नदी में डूबने से एक ही परिवार के तीन युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब दो सगे भाइयों समेत तीन युवक गंगा में डूब रही अपनी बुआ को बचाने के लिए नदी में कूद गए। पुलिस का कहना है कि गहरे पानी में चले जाने पर तीनों की डूबने से मौत हो गई, हालांकि उनकी बुआ बच गई। पुलिस के मुताबिक मृतकों की पहचान कृष्ण कुमार (26), उसके सगे भाई सनी कुमार (24) और बॉबी कुमार (26) के रूप में हुई है।

### उत्तर प्रदेश के सभी पार्कों, खेल मैदानों और खुले स्थानों की सूची तैयार किया जाए: उच्च न्यायालय

**लखनऊ:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने उत्तर प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों तथा अन्य निर्धारित प्राधिकरणों को निर्देश दिया है कि वे राज्य के पार्कों, खेल के मैदानों और खुले स्थानों का विवरण तैयार कर उन्हें उत्तर प्रदेश पार्क, खेल का मैदान और खुली जगह संरक्षण और विनियमन अधिनियम 1975 के तहत तैयार की जाने वाली सूची में शामिल करें। पीठ ने 24 फरवरी को अपने आदेश में राज्य सरकार को इसका अनुपालन सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है। पीठ ने 1975 के अधिनियम के अंतर्गत सूचीबद्ध सभी पार्कों, खेल मैदानों और खुले स्थानों का पूरा ब्यौरा प्रस्तुत करने को कहा है। पीठ ने इस अधिनियम के तहत सूची में दर्ज सभी पार्कों, खेल के मैदानों और खुले स्थानों का विवरण मांगा है। पीठ ने सुनवाई की अगली तारीख 10 अप्रैल तय की है। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति एके चौधरी की पीठ ने धर्मपाल यादव की जनहित याचिका पर यह आदेश पारित किया।

# राज्यों की खबरें

### मुझे बेवजह भाजपा की 'बी' टीम कहकर बदनाम किया जाता है : ओवैसी



**नयी दिल्ली:** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि उन्हें बेवजह भाजपा की 'बी' टीम कहकर बदनाम किया जाता है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए संसद के निचले सदन में लाये गए संकल्प पर चर्चा में भाग लेते हुए यह बात कही। ओवैसी ने कहा, 'मुझे बेवजह बदनाम किया जाता है कि मैं आपकी (भाजपा) 'बी' टीम हूं। मुझे थोड़ा वक्त दे दीजिए ताकि सत्तापक्ष के खिलाफ बोल सकूं।' उन्होंने कहा, 'हमारे देश में शक्तियों के पृथक्करण का सिद्धांत है। विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका से स्वतंत्र है। लेकिन हम पिछले कुछ समय से यह बार-बार देख रहे हैं कि कार्यपालिका, विधायिका पर कब्जा करते जा रहा है।' उन्होंने उनकी पार्टी को सत्तापक्ष या विपक्ष से जोड़ कर देखे जाने का परोक्ष रूप से संदर्भ देते हुए कहा, 'मैं यह कहना चाहता हूं कि हम स्वतंत्र संसद के सदस्य हैं, हम यहां किसी राजनीतिक दल के बंधुआ मजदूर नहीं हैं।' ओवैसी ने कहा कि सरकार कैसे हस्तक्षेप कर रही है, यह इस बात से जाहिर होता है कि 'मीडिया जानती है कि सरकार इस सत्र में महिला आरक्षण विधेयक लाने जा रही है लेकिन हम नहीं जानते और यह सदन भी इससे अवगत नहीं है। तो इस सदन की क्या गरिमा रह जाती है?' उन्होंने दावा किया कि संकल्प लाने के दौरान विपक्ष ने उस पर हस्ताक्षर करने के लिए उनसे नहीं कहा था। एआईएमआईएम सांसद ने कहा, 'हमसे नहीं पूछा गया हस्ताक्षर करते वक्त। क्या विपक्षी एकजुटता के नाम पर हम गुलाम बन जाएंगे? नहीं बनेंगे गुलाम। उपराष्ट्रपति के चुनाव के समय भी हमसे नहीं पूछा गया था।'

### राष्ट्रपति के बंगाल दौरे में प्रोटोकॉल का उल्लंघन : भाजपा सदस्य ने की कार्रवाई की मांग



**नयी दिल्ली:** राज्यसभा में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के एक सदस्य ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हालिया पश्चिम बंगाल दौरे में हुए कथित प्रोटोकॉल उल्लंघन को लेकर क्षोभ व्यक्त करते हुए सरकार से मांग की कि राज्य सरकार के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए अन्यथा आने वाले समय में कोई और राज्य इसकी पुनरावृत्ति कर सकता है। शून्यकाल में यह मुद्दा उठाते हुए भाजपा के बाबू राम निषाद ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हाल ही में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की यात्रा के दौरान जो प्रोटोकॉल का उल्लंघन हुआ वह चूक नहीं बल्कि एक संवैधानिक अपराध है। उन्होंने कहा ''यह विषय राष्ट्रपति की गरिमा और संविधान के सम्मान से संबंधित है। जब एक राज्य सरकार जानबूझकर देश के सर्वोच्च पद की अवहेलना करती है तो वह यह कैसे भूल जाती है कि उसने खुद संविधान की शपथ ली है।'' निषाद ने जब यह मुद्दा उठाया तब तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने हंगामा किया। दूसरी ओर भाजपा सदस्यों ने उनका पुरजोर विरोध किया। निषाद ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 52 से 62 तक राष्ट्रपति के पद की व्याख्या की गई है। उन्होंने कहा कि बंगाल सरकार का यह आचरण अनुच्छेद 256 और 257 का भी उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि इस तरह के उल्लंघन की स्थिति के लिए विशेष कानून बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई राज्य सरकार जानबूझकर राष्ट्रपति या संवैधानिक प्रमुख का अपमान करती है तो उसे संवैधानिक विफलता मान कर ऐसी सरकार के खिलाफ संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत कार्रवाई की व्यवस्था होनी चाहिए, उसके विवेकाधीन अनुदानों में कटौती का प्रावधान होना चाहिए और उसके संबंधित अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जानी चाहिए।

# राहुल गांधी सदन में बोलना नहीं चाहते या उन्हें नियमानुसार बोलना नहीं आता: अमित शाह



**नयी दिल्ली:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आचरण और सदन की कार्यवाही में उनकी भागीदारी पर तीखी टिप्पणियां करते हुए बुधवार को विपक्ष के इस आरोप को खारिज कर दिया कि उन्हें निचले सदन में बोलने नहीं दिया जाता। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए संकल्प पर चर्चा का जवाब देते हुए शाह ने यह भी कहा, 'आप प्रधानमंत्री के खिलाफ प्रस्ताव लाइए। हम मुद्दों पर जवाब देंगे। लेकिन लोकसभा अध्यक्ष को पद से हटाने के प्रस्ताव को मैं सामान्य बात नहीं मानता।' शाह के भाषण के बाद, सदन ने ध्वनिमत से विपक्ष के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, 'विपक्ष के नेता का यह आरोप सही नहीं है कि उन्हें बोलने नहीं दिया जाता। नेता प्रतिपक्ष की पार्टी लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव लाई, उस पर भी वह नहीं बोले। वह बोलना ही नहीं चाहते। बोलना चाहते हैं तो नियमानुसार बोलना नहीं आता। यह कोई सभा (रैली) नहीं है, यहां नियमानुसार बोलना होता है।' गृह मंत्री ने बिरला के खिलाफ लाए गए प्रस्ताव को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा कि यह बहुत अफसोसजनक घटनाक्रम है। उन्होंने कहा, 'जब सदन के मुखिया की निष्ठा पर सवाल उठाया जाता है तो दुनिया में भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया की साख पर सवाल खड़े हो जाते हैं।' शाह ने कहा कि बजट सत्र के पहले चरण में लोकसभा अध्यक्ष के चैम्बर में ऐसा माहौल खड़ा किया गया कि अध्यक्ष की सुरक्षा की चिंता पैदा हो गई थी। उन्होंने कहा कि लोकसभा का संचालन कैसे करना है, इसके लिए इसी सदन ने नियम बनाए हैं और सदन के नियम जिसकी अनुमति नहीं देते, उस हिसाब से बोलने का अधिकार किसी को भी नहीं है। उन्होंने कांग्रेस सदस्यों को आड़े हाथ लेते हुए कहा, 'जब आप सदन के संचालन के नियमों को नजरअंदाज करेंगे तो अध्यक्ष का दायित्व है कि ऐसे सदस्य को रोकें, टोकें और बाहर निकाल दें।'

### भारत टैक्सी' का जल्द ही देश के सभी बड़े शहरों और तालुका तक विस्तार किया जाएगा : सरकार

**नयी दिल्ली:** सरकार ने बुधवार को कहा कि सहकारी क्षेत्र की परिवहन सेवा 'भारत टैक्सी' का अगले दो से तीन वर्षों में देश के सभी बड़े शहरों और तालुका तक विस्तार किया जाएगा। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान सहकारी समितियों द्वारा रोजगार सृजन से जुड़े पूरक सवालों के जवाब में सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल ने कहा कि 'भारत टैक्सी' की शुरुआत ड्राइवरों को सशक्त बनाने और उनकी आय बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने कहा, इसकी बुकिंग मोबाइल ऐप के माध्यम से आसानी से की जा सकती है। इसमें सुरक्षा की पूरी गारंटी और पूर्ण पारदर्शिता है। इसे दिल्ली पुलिस के साथ भी संबद्ध किया गया है।

### केंद्रीय बलों में 93,000 से अधिक पद रिक्त : सरकार

**नयी दिल्ली:** सरकार ने बुधवार को राज्यसभा को बताया कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और असम राइफल्स में 93,000 से अधिक पद रिक्त हैं। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने अर्द्धसैनिक बलों में रिक्तियों के आंकड़े पेश किए, जिसके अनुसार केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में सबसे अधिक 27,400 पद रिक्त हैं। इसके बाद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) है, जिसमें 28,342 पद खाली हैं।

# एक रिचार्ज भूलने पर मोबाइल नंबर डिएक्टिवेट न हो और इनकमिंग कॉल की सुविधा मिलती रहे: राघव चड्ढा



**नयी दिल्ली:** मोबाइल फोन के प्री-पेड प्लान की रिचार्ज अवधि समाप्त होने पर आउटगोइंग कॉल सुविधा के साथ इनकमिंग कॉल सुविधा भी बंद होने पर चिंता जाहिर करते हुए आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि एक रिचार्ज भूलने पर मोबाइल नंबर डिएक्टिवेट नहीं होना चाहिए और इनकमिंग कॉल की सुविधा की गारंटी होनी चाहिए। शून्यकाल में यह मुद्दा उठाते हुए चड्ढा ने कहा कि देश में मोबाइल फोन के 125 करोड़ उपयोगकर्ता हैं जिनमें से 90 फीसदी लोग 'प्री पेड प्लान' के उपयोगकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि अगर इस प्लान की 'रिचार्ज वैलिडिटी' समाप्त हो जाती है तो आउटगोइंग कॉल सुविधा बंद हो जाती है लेकिन इनकमिंग कॉल सुविधा भी बंद हो जाती है जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए। चड्ढा ने कहा, ''आज हमारा मोबाइल फोन हमारी डिजिटल पहचान बन चुका है और कई महत्वपूर्ण कार्य इनकमिंग कॉल के जरिये होते हैं।'' चड्ढा ने कहा ''वोट डालना भूलने पर वोटर आईडी कार्ड एक्सपायर नहीं हो जाता। मासिक राशि जमा नहीं करने पर बैंक खाता नहीं बंद होता। डिटेल अपडेट नहीं करने पर आधार कार्ड बंद नहीं होता। इसी तरह एक रिचार्ज भूलने पर मोबाइल नंबर डिएक्टिवेट नहीं होना चाहिए। इनकमिंग कॉल सुविधा की गारंटी होनी चाहिए।'' कांग्रेस के नीरज डांगी ने शून्यकाल में कहा कि किसी जिले में अति विशिष्ट व्यक्ति की सभा होने पर महीनों से प्रशासन तैयारी करता है और एक दिन के कार्यक्रम के लिए लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं।

# लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव किसी नेता के अहंकार की संतुष्टि के लिए लाया गया है: रविशंकर प्रसाद



**नयी दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता रविशंकर प्रसाद ने बुधवार को कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए विपक्ष द्वारा लाया गया प्रस्ताव उनके खिलाफ अविश्वास के लिए नहीं, बल्कि 'किसी' के अहंकार की संतुष्टि के लिए लाया गया है। विपक्ष द्वारा बिरला के खिलाफ लाए गए प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए प्रसाद ने कहा, 'लोकसभा अध्यक्ष के पद के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को किसी के अहंकार की संतुष्टि का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए।' कांग्रेस नेता मोहम्मद जावेद ने मंगलवार को संकल्प प्रस्तुत किया था और सदन में इस पर चर्चा शुरू हुई। प्रसाद ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधते हुए कहा, 'यह प्रस्ताव बिरला के खिलाफ अविश्वास के लिए नहीं, बल्कि किसी के अहं की संतुष्टि के लिए लाया गया है।'

### भारत के इतिहास में पहली बार विपक्ष के नेता को सदन में बोलने नहीं दिया गया: राहुल गांधी



**नयी दिल्ली:** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को दावा किया कि सदन में उन्हें बोलने से कई बार रोका गया है और देश के इतिहास में पहली बार विपक्ष के नेता को सदन में बोलने नहीं दिया गया। सदन में अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए रविशंकर प्रसाद ने संसदीय प्रणाली पर 'कॉल एंड शकधर' की एक किताब को उद्धृत करते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष को राष्ट्रहित के मुद्दों पर बोलते समय ध्यानपूर्वक शब्दों का चयन करना चाहिए और विदेशी धरती पर दलीय राजनीति नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को यह किताब पढ़ लेनी चाहिए। इस पर कांग्रेस के सदस्यों ने हंगामा किया और आसन के समीप आ गए। वह नेता प्रतिपक्ष को बोलने की अनुमति देने की मांग कर रहे थे। आसन से अनुमति मिलने पर राहुल गांधी ने कहा, 'कई बार मुझे (यहां) बोलने से रोका गया है। भारत के इतिहास में पहली बार नेता विपक्ष को सदन में बोलने नहीं दिया गया।' उन्होंने यह भी कहा, 'यह सदन देश की जनता की अभिव्यक्ति के लिए है। यह एक पार्टी का नहीं है, यह पूरे देश का प्रतिनिधित्व करता है। हम जब भी बोलने के लिए खड़े होते हैं तो हमें रोका जाता है।'

### ईयू व अमेरिका ने प्रतिबंधित एंटीबायोटिक दवाओं के कारण भारत से झींगा मछली की 19 खेपें खारिज कीं



**नयी दिल्ली:** सरकार ने बुधवार को संसद को बताया कि वर्ष 2025-26 के दौरान भारत से झींगा मछली के निर्यात की 19 खेपें इसलिए खारिज कर दी गईं, क्योंकि जांच में उनमें प्रतिबंधित एंटीबायोटिक दवाएं मिलीं। मत्स्य पालन मंत्री राजीव रंजन सिंह ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को बताया कि झींगा मछली के निर्यात की सात खेपें यूरोपीय संघ (ईयू) ने और 12 खेपें अमेरिका ने खारिज कीं। इस बीच, झींगा मछली में होने वाली बीमारियों के कारण किसी भी खेप के खारिज होने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। उन्होंने कहा, 'ईआईसी की शिकायत निवारण प्रक्रिया और संबंधित आयातक देशों की ज़रूरतों के अनुसार कार्रवाई की गई है।' तटीय जलीय कृषि प्राधिकरण (सीएए) ने तटीय जलीय कृषि में एंटीबायोटिक दवाओं के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह केवल प्रमाणित सामग्री के उपयोग की अनुमति देता है, और नियमों का उल्लंघन करने पर दंड का प्रावधान है।

### भारत तीन प्रकार के छोटे 'मॉड्यूलर' रिएक्टर विकसित कर रहा : सरकार

**नयी दिल्ली:** सरकार ने बुधवार को लोकसभा को बताया कि भारत तीन अलग-अलग प्रकार के छोटे 'मॉड्यूलर' रिएक्टर (एसएमआर) विकसित कर रहा है, जिनमें से एक हाइड्रोजन उत्पादन के लिए है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि तीन प्रकार के इन रिएक्टर में 220 मेगावाट का भारत स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर (बीएसएमआर-200) और 55 मेगावाट का एसएमआर (एसएमआर-55) तथा हाइड्रोजन उत्पादन के लिए 5 मेगावाट का रिएक्टर (एचटीजीसीआर) शामिल हैं। मंत्री ने यह भी कहा कि बीएसएमआर-200 को भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) और न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) द्वारा संयुक्त रूप से डिजाइन एवं विकसित किया जा रहा है।

# केंद्र तमिलनाडु के विकास की प्रतिबद्धता के प्रति पूरी तरह से समर्पित : मोदी

## 5,650 करोड़ रु. की परियोजनाओं का उद्घाटन किया



**तिरुचिरापल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को तमिलनाडु में करीब 5,650 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया तथा कहा कि ये परियोजनायें राज्य के युवाओं के लिए हजारों नौकरियां सृजित करेंगी। परंपरागत कुर्ता और धोती पहने कार्यक्रम में शामिल हुये मोदी ने कहा, ''तिरुचिरापल्ली के इस अद्भुत शहर में आकर बहुत अच्छा लगा। आज का कार्यक्रम तमिलनाडु के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। इन परियोजनाओं की कुल लागत 5,600 करोड़ रुपये से अधिक की हैं।'' उन्होंने कहा, ''ये परियोजनायें अवसंरचना, स्वच्छ ऊर्जा, पेट्रोलियम से संबंधित विनिर्माण, राजमार्ग, रेलवे और ग्रामीण सड़कों से जुड़ी हैं। इससे ऊर्जा पहुंच, और कनेक्टिविटी बढ़ेगी तथा तमिलनाडु के युवाओं के लिए हजारों नौकरियाँ पैदा होंगी।'' प्रधानमंत्री ने इस दौरान दो 'अमृत भारत' एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखायी। इन ट्रेनों में से एक का परिचालन नागरकोइल और चर्लपल्ली के बीच, जबकि दूसरे का पोत्तनूर (कोयंबटूर) एवं धनबाद के बीच होगा। इसके अलावा उन्होंने दो अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखायी। इन ट्रेनों के परिचालन से तमिलनाडु और अन्य क्षेत्रों, जैसे तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और पूर्वी भारत के बीच रेलवे कनेक्टिविटी मजबूत होगी। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, एल मुरुगन, अन्नाद्रमुक महासचिव एडप्पादी के. पॉलनीस्वामी, और प्रदेश भाजपा प्रमुख नैनार नागेंद्रन के साथ मोदी ने भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सिटी गैस वितरण नेटवर्क का शिलान्यास किया, जिसका निर्माण नीलगिरी और इरोड जिलों में 3,680 करोड़ रुपये से अधिक के लागत पर किया जायेगा। इस परियोजना से 8.8 लाख से अधिक घरों को पीएनजी कनेक्शन मिलेगा, 200 से अधिक व्यावसायिक संस्थानों को गैस मिलेगी और 201 से अधिक सीए-नजी स्टेशन स्थापित होंगे। मोदी ने चेन्नई के मनाली में 1,490 करोड़ रुपये की लागत से बने आईओ-सीएल ल्यूब प्लांट को राष्ट्र को समर्पित किया, जिसकी क्षमता 6.72 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष है। उन्होंने कहा, ''यह अपने प्रकार की दुनिया की सबसे बड़ी सुविधाओं में से एक है। यह संयंत्र तमिलनाडु और बाहर के कई महत्वपूर्ण उद्योगों की मांग पूरी करेगा। यह संयंत्र स्थानीय ल्यूब्रिकेंट उत्पादन में वृद्धि करेगा और आयात को कम करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। इससे देश का पैसा भी बचेगा।'' सभी परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद मोदी ने कहा, ''हमारा लक्ष्य विकसित देश के लिये विकसित तमिलनाडु का निर्माण करना है। केंद्र सरकार तमिलनाडु के लोगों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हम राज्य की प्रगति के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं और आगे भी करेंगे।

### केरल में एलडीएफ-यूडीएफ चक्र खत्म करें, कांग्रेस 'युवराज' राहुल देश के विकास से अनजान हैं : मोदी

**कोच्चि :** कांग्रेस और इसके शीर्ष नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला करते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को विपक्षी दल पर पश्चिम एशिया संकट पर राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता विपक्ष देश के विकास से अनभिज्ञ हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर हमला करते हुए मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस के युवराज देश में हो रहे विकास के बारे में नहीं जानते, क्योंकि उन्हें यह नहीं पता कि केरल समेत भारत में युवा और विभिन्न कंपनियां ड्रोन निर्माण में लगे हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस के युवराज यह भी नहीं जानते कि भारतीय युवा ड्रोन निर्माण में जादू रच रहे हैं। उन्हें यह भी नहीं पता कि भारत में कई कंपनियां ड्रोन बना रही हैं। उन्हें यह नहीं पता कि केरल के युवा ड्रोन स्टार्टअप बना रहे हैं। उनका दृष्टिकोण बहुत छोटा है और वे भारत की विकास गति को नहीं देख सकते।

### प्रधानमंत्री मोदी ने केरल में 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन किया

**कोच्चि :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केरल की अपनी यात्रा के दौरान 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई प्रमुख विकास परियोजनाओं का बुधवार को उद्घाटन किया और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने इस तटीय शहर में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और रेल मंत्रालय सहित केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों की परियोजनाओं की शुरुआत की।

### केरल का नाम बदलकर केरलम् किया जाना 'मलयाली' भाइयों के लिए खुशी का क्षण: मोदी

कोच्चि : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि केंद्र द्वारा केरल का नाम बदलकर केरलम् किया जाना 'मलयाली' भाइयों के लिए खुशी का क्षण है। प्रधानमंत्री राज्य में मछुआरों के कल्याण के लिए काम करने वाली संस्था अखिल केरल धीवर सभा के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। अपने उद्घाटन भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने केरल में 2018 में आई बाढ़ के दौरान मछुआरा समुदाय के साहस, सेवा और समर्पण की सराहना की।

## जम्मू: गोलीबारी में फारुक अब्दुल्ला और उपमुख्यमंत्री बाल-बाल बचे, हमलावर गिरफ्तार



**जम्मू :** जम्मू में बुधवार रात एक शादी समारोह में बंदूकधारी के हमले में नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी बाल-बाल बच गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब अब्दुल्ला, उपमुख्यमंत्री चौधरी और मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर असलम वानी शहर के बाहरी इलाके में स्थित ग्रेटर कैलाश क्षेत्र के समारोह स्थल से निकल रहे थे। आरोपी की पहचान कमल सिंह जामवाल के रूप में हुई है, जो पुरानी मंडी का निवासी है। वह पिस्तौल लेकर अब्दुल्ला के पीछे पहुंचा और गोली चला दी। जम्मू कश्मीर पुलिस के सुरक्षा शाखा के दो अधिकारियों-एक निरीक्षक और एक उप निरीक्षक ने उसे काबू कर लिया। उपमुख्यमंत्री चौधरी ने इस घटना को सुरक्षा में चूक बताया, जबकि पुलिस ने कहा कि विस्तृत जांच जारी है।

## चंद्रयान-5 में अधिक भारी लैंडर होगा, जिससे मिशन की अवधि लंबी होगी: इसरो प्रमुख

**बेंगलुरु :** भारत चंद्रयान-4 के तहत चंद्रमा से नमूने एकत्र करके उन्हें पृथ्वी पर वापस लाने की योजना बना रहा है, जबकि चंद्रयान-5 में लंबी अवधि के मिशन वाला एक भारी लैंडर शामिल होगा। इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने बुधवार को यह कहा। उन्होंने इसरो के भविष्य के मिशन के बारे में भी बात की, जिनमें शुक्र ग्रह का अध्ययन करने वाला मिशन और मंगल ग्रह पर उतरने वाला मिशन शामिल हैं। उन्होंने यहां इसरो के अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी जागरूकता प्रशिक्षण (स्टार्ट 2026) कार्यक्रम के चौथे संस्करण के उद्घाटन समारोह में कहा, हम चंद्रयान कार्यक्रम को आगे बढ़ाने पर काम कर रहे हैं। चंद्रयान-4 में हमारी योजना नमूने एकत्र करके उन्हें वापस लाने की है। चंद्रयान-5 में एक भारी लैंडर शामिल होगा जिसका मिशन काल लंबा होगा।

## छत्तीसगढ़ में 3.95 करोड़ रुपये के इनाम वाले 108 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया



**जगदलपुर (छत्तीसगढ़) :** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों के सामने 3.95 करोड़ रुपये के इनाम वाले 108 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पट्टिलिंगम ने बताया कि माओवादियों की 'दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी (डीकेएसजेडसी)' के कैडरों ने जिला मुख्यालय जगदलपुर में आत्मसमर्पण किया। प्रतिबंधित भाकपा (माओवादियों) के डीकेएसजेडसी समूह ने पहले बस्तर में कई जानलेवा हमले किए हैं। सुंदरराज ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले माओव-ादी कैडरों से प्राप्त सूचना तथा अन्य सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने कार्रवाई करते हुए एके-47, इंसास, एलएमजी, बीजीएल सहित कुल 101 घातक हथियारों की बरामदगी विभिन्न 'डम्पों' से की, जो नक्सल विरोधी अभियानों की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस आज सौंप सकता है विपक्ष



**नयी दिल्ली :** मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने का प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस के लिए आवश्यक हस्ताक्षर ले लिये गए हैं और संसद के दोनों सदनों में बृहस्पतिवार को सौंपा जा सकता है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस घटनाक्रम से अवगत एक वरिष्ठ सांसद ने बताया कि उन्होंने हस्ताक्षर एकत्र करने का काम पूरा कर लिया है और नोटिस बृहस्पतिवार को सौंपा जा सकता है। सांसद ने यह भी कहा कि नोटिस दोनों सदनों में दिया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि बुधवार शाम तक, लगभग 120 सांसदों ने लोकसभा में दिये जाने वाले नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं और लगभग 60 सांसदों ने उच्च सदन में दिये जाने वाले नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। नियमों के मुताबिक, लोकसभा में कम से कम 100 सदस्यों के हस्ताक्षर वाला नोटिस और राज्यसभा में कम से कम 50 सदस्यों के हस्ताक्षर करने वाला नोटिस देना होता है।

### सीईसी को केवल उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की तरह ही पद से हटाया जा सकता है

मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए विपक्ष द्वारा संसद के दोनों सदनों में एक नोटिस दिये जाने की संभावना है। यह पहली बार होगा, जब किसी मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पद से हटाने के लिए नोटिस दिया जाएगा। विपक्ष ने सीईसी पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का अकसर पक्ष लेने, वास्तविक मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने और भाजपा को ''वोट चोरी'' में मदद करने का आरोप लगाया है। कानून के अनुसार, सीईसी को ''उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने के लिए मौजूद प्रक्रिया, और समान आधार पर ही पद से हटाया जा सकता है।''

## गैस सिलेंडर की किल्लत से रेस्तरां उद्योग की मुश्किलें बढ़ीं, व्यंजनों में कर रहे फेरबदल



**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच एलपीजी आपूर्ति में अनियमितता के कारण दिल्ली के कई रेस्तरां ईंधन की कमी का सामना कर रहे हैं, जिससे परोसे जाने वाले व्यंजनों में फेरबदल, लागत बढ़ने और कर्मचारियों के वेतन को लेकर चिंता जैसी समस्याएं पैदा होने लगी हैं। उद्योग प्रतिनिधियों ने कहा कि कई रेस्तरां फिलहाल वैकल्पिक इंतजामों के जरिये स्थिति संभालने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन व्यवधान लंबे समय तक जारी रहने पर छोटे प्रतिष्ठानों के लिए बढ़ती लागत को संभाल पाना मुश्किल हो सकता है। सरकार ने पश्चिम एशिया संकट को देखते हुए घरेलू स्तर पर उत्पादित प्राकृतिक गैस की आपूर्ति को एलपीजी उत्पादन, सीएनजी और पाइप से मिलने वाली रसोई गैस को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है। गजट अधिसूचना के मुताबिक, इन क्षेत्रों की जरूरत पूरी होने के बाद ही अन्य उद्योगों को गैस दी जाएगी। भारतीय राष्ट्रीय रेस्तरां एसोसिएशन (एनआरएआई) के मानद कोषाध्यक्ष मनप्रीत सिंह ने कहा कि दिल्ली के कई रेस्तरां को नियमित एलपीजी आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इस स्थिति में कुछ प्रतिष्ठान पाइप से होने वाली रसोई गैस आपूर्ति और इंडक्शन कुकिंग जैसे विकल्प अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में कई रेस्तरां ऐसे व्यंजन को बढ़ावा दे रहे हैं जिनमें कम गैस खपत होती है। इसके अलावा इंडक्शन उपकरणों के इस्तेमाल से बड़े पैमाने पर खाना पकाने का तरीका भी अपनाया जा रहा है।

### छात्र बाहर खाने को मजबूर

एलपीजी आपूर्ति को लेकर चिंता के बीच दिल्ली के लोगों और छात्रों की परेशानी बढ़ गयी है। कई परिवार इंडक्शन यानी इलेक्ट्रिक चूल्हे का उपयोग करने लगे हैं, जिससे उनके बिजली बिल बढ़ने का खतरा है। वहीं, किराये के मकानों में रहने वाले छात्र बाहर का खाना खाने को मजबूर हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि सीमित एलपीजी स्टॉक वाले परिवारों में इस स्थिति को लेकर चिंता है, क्योंकि उन्हें यह पता नहीं है कि उन्हें भरा हुआ सिलेंडर कब मिलेगा।

## उत्तम नगर होली विवाद: एमसीडी को एक सप्ताह तक अतिक्रमण-रोधी कार्रवाई न करने का निर्देश

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी के उत्तम नगर इलाके में होली के दिन हुए संघर्ष में कथित रूप से शामिल कुछ व्यक्तियों के घरों पर एक सप्ताह तक अतिक्रमण-रोधी कार्रवाई न करने का एमसीडी को मंगलवार को निर्देश दिया। इस संघर्ष में 26-वर्षीय एक युवक की मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति अमित बंसल ने जरीना और शहनाज को इस अवधि में अपने आवासीय परिसरों को ढहाये जाने के खिलाफ नयी याचिका दाखिल करने की अनुमति दी और कहा कि इस बीच दिल्ली नगर निगम कोई कार्रवाई नहीं करेगा।

## आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में मिलावटी दूध पीने से 12 लोगों की मौत, आठ अस्पताल में भर्ती

**राजामहेंद्रवरम :** पूर्वी गोदावरी जिले में दूध में मिलावट के एक संदिग्ध मामले में बारह लोगों की मौत हो गई है, जबकि आठ अन्य लोगों का यहां के विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इस समूह की पहचान सबसे पहले 22 फरवरी को हुई थी, जब कई बुजुर्ग व्यक्तियों को पेशाब न आना, उल्टी, पेट दर्द और अन्य दिक्कतों के साथ अस्पतालों में भर्ती कराया गया था। प्रभावित लोग लाल-ाचेरुवु के चौदेश्वरनगर और स्वरूपनगर इलाकों के निवासी थे। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, ''पुख्ता



महामारी विज्ञान संबंधी साक्ष्य दूध में मिलावट को संभावित कारण के रूप में इंगित करते हैं, और विभिन्न विभागों में समन्वित कार्रवाई शुरू कर दी गई है।'' नैदानिक जांच में रक्त में यूरिया और सीरम क्रिएटिनिन का स्तर बढ़ा हुआ पाया गया, जो विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आने का संकेत देता है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि कोरुकोंडा मंडल के नरसपुरम गांव में स्थित वरलक्ष्मी मिल्क डेरी से 106 परिवारों को आपूर्ति किया जाने वाला दूध इसका स्रोत हो सकता है। आपूर्ति तुरंत रोक दी गई। इलाके में आपातकालीन चिकित्सा शिविर स्थापित किये गए हैं और चिकित्सकों व विशेषज्ञों का एक दल तैनात किया गया है। डेरी से आवश्यक नमूने लिये गए हैं और संदिग्ध दूध विक्रेता अड्डाला गणेश्वरराव (33) को हिरासत में लिया गया है। डेरी को सील कर दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


## अनारक्षित स्पेशल ट्रेनें

यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, निम्नलिखित अनारक्षित स्पेशल ट्रेनें निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहराव, आवागमन के दिनों और गठन के अनुसार चलेंगी:

**03540/03539 बराकर-हावड़ा-बराकर स्पेशल ट्रेन**

| बराकर-हावड़ा स्पेशल | | | (03540) (03539) | हावड़ा-बराकर स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तिथि | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | तिथि |
| 13.03.26 | – | 20.55 | ↓ बराकर | 03.00 | – | 15.03.26 |
| | 21.29 | 21.32 | आसनसोल | 00.40 | 00.43 | |
| 14.03.26 | 02.45 | – | हावड़ा ↑ | – | 20.50 | 14.03.26 |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में कुलटी, सीतारामपुर, बराचक, कालीपहाड़ी, रानीगंज, अण्डाल और बर्द्धमान स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **आवागमन की तिथियाँ: बराकर से**-03540 दिनांक 13.03.2026 (शुक्रवार) = 01 ट्रिप और **हावड़ा से** 03539 दिनांक 14.03.2026 (शनिवार) = 01 ट्रिप। **गठन:** साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)/शयनयान श्रेणी - 14 और एसएलआरडी- 2=16 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**03542/03541 आसनसोल-हावड़ा-आसनसोल स्पेशल ट्रेन**

| आसनसोल-हावड़ा स्पेशल | | | (03542) (03541) | हावड़ा-आसनसोल स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तिथि | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | तिथि |
| 13.03.26 | – | 22.00 | ↓ आसनसोल | 03.30 | – | 15.03.26 |
| | 22.38 | 22.40 | अण्डाल | 01.48 | 01.50 | |
| 14.03.26 | 03.55 | – | हावड़ा ↑ | – | 22.00 | 14.03.26 |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में कालीपहाड़ी और रानीगंज स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **आवागमन की तिथियाँ: आसनसोल से**-03542 दिनांक 13.03.2026 (शुक्रवार) को= 01 ट्रिप और **हावड़ा से** - 03541 दिनांक 14.03.2026 (शनिवार) = 01 ट्रिप। **गठन:** साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)/शयनायन श्रेणी- 14 और एसएलआरडी- 2 = 16 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**03544/03543 दुर्गापुर-हावड़ा-दुर्गापुर स्पेशल ट्रेन**

| दुर्गापुर-हावड़ा स्पेशल | | | (03544) (03543) | हावड़ा-दुर्गापुर स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तिथि | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | तिथि |
| 13.03.26 | – | 21.55 | ↓ दुर्गापुर | 23.30 | – | 14.03.26 |
| 14.03.26 | 00.06 | 00.08 | बर्द्धमान | 21.15 | 21.17 | |
| | 03.15 | – | हावड़ा ↑ | – | 19.15 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में मानकर स्टेशन पर भी रुकेंगी। **आवागमन की तिथियाँ: दुर्गापुर से**- 03544 दिनांक 13.03.2026 (शुक्रवार) = 01 ट्रिप और **हावड़ा से**- 03543 दिनांक 14.03.2026 (शनिवार) = 01 ट्रिप। **गठन:** साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)/शयनयान श्रेणी- 14 और एसएलआरडी- 2 = 16 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**03546/03545 सिउड़ी-हावड़ा-सिउड़ी स्पेशल ट्रेन**

| सिउड़ी-हावड़ा स्पेशल | | | (03546) (03545) | हावड़ा-सिउड़ी स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तिथि | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | तिथि |
| 13.03.26 | – | 22.00 | ↓ सिउड़ी | 03.30 | – | 15.03.26 |
| | 23.10 | 23.12 | अण्डाल | 22.30 | 22.32 | 14.03.26 |
| 14.03.26 | 04.50 | – | हावड़ा ↑ | – | 19.00 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में चिनपाई, दुबराजपुर, पांडबेश्वर और उखरा स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **आवागमन की तिथियाँ: सिउड़ी से**- 03546 दिनांक 13.03.2026 को (शुक्रवार)= 01 ट्रिप और **हावड़ा से**- 03545 दिनांक 14.03.2026 (शनिवार)= 01 ट्रिप। **गठन:** साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)/शयनयान श्रेणी- 14 और एसएलआरडी- 2 = 16 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**03020/03019 मुरारई-हावड़ा-मुरारई स्पेशल ट्रेन**

| मुरारई-हावड़ा स्पेशल | | | (03020) (03019) | हावड़ा-मुरारई स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तिथि | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | तिथि |
| 13.03.26 | – | 21.00 | ↓ मुरारई | 03.35 | – | 15.03.26 |
| | 22.30 | 22.32 | बोलपुर शांतिनिकेतन | 23.30 | 23.32 | 14.03.26 |
| 14.03.26 | 02.00 | – | हावड़ा ↑ | – | 20.35 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में रामपुरहाट, साँईथिया और प्रांतिक स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **आवागमन की तिथियाँ: मुरारई से**- 03020 दिनांक 13.03.2026 (शुक्रवार) = 01 ट्रिप और **हावड़ा से**- 03019 दिनांक 14.03.2026 (शनिवार) = 01 ट्रिप। **गठन:** साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)/शयनयान श्रेणी - 14 और एसएलआरडी- 2 = 16 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**03420/03419 मालदा टाउन-हावड़ा-मालदा टाउन स्पेशल ट्रेन**

| मालदा टाउन-हावड़ा स्पेशल | | | (03420) (03419) | हावड़ा-मालदा टाउन स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तिथि | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | तिथि |
| 13.03.26 | – | 21.10 | ↓ मालदा टाउन | 03.55 | – | 15.03.26 |
| | 23.15 | 23.18 | रामपुरहाट | 23.45 | 23.48 | 14.03.26 |
| 14.03.26 | 05.10 | – | हावड़ा ↑ | – | 19.55 | |

**आवागमन की तिथियाँ: मालदा टाउन से**- 03420 दिनांक 13.03.2026 (शुक्रवार) = 01 ट्रिप और **हावड़ा से**- 03419 दिनांक 14.03.2026 (शनिवार) = 01 ट्रिप। **गठन:** साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)/शयनायन श्रेणी - 14 और एसएलआरडी- 2 = 16 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**03422/03421 न्यू फरक्का-हावड़ा-न्यू फरक्का स्पेशल ट्रेन**

| न्यू फरक्का-हावड़ा स्पेशल | | | (03422) (03421) | हावड़ा-न्यू फरक्का स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तिथि | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | तिथि |
| 13.03.26 | – | 21.00 | ↓ न्यू फरक्का | 05.00 | – | 15.03.26 |
| | 22.20 | 22.23 | रामपुरहाट | 01.05 | 01.08 | |
| 14.03.26 | 04.30 | – | हावड़ा ↑ | – | 21.20 | 14.03.26 |

**आवागमन की तिथियाँ: न्यू फरक्का से** -03422 दिनांक 13.03.2026 (शुक्रवार) = 01 ट्रिप और **हावड़ा से**- 03421 दिनांक 14.03.2026 (शनिवार) = 01 ट्रिप। **गठन:** साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)/शयनायन श्रेणी- 14 और एसएलआरडी- 2 = 16 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**03022/03021 कटवा-हावड़ा-कटवा स्पेशल ट्रेन**

| कटवा-हावड़ा स्पेशल | | | (03022) (03021) | हावड़ा-कटवा स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तिथि | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | तिथि |
| 14.03.26 | – | 06.00 | ↓ कटवा | 22.45 | – | 14.03.26 |
| | 10.20 | – | हावड़ा ↑ | – | 18.45 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में सभी स्टेशनों पर भी रुकेगी। **आवागमन की तिथियाँ: कटवा से**-03022 दिनांक और **हावड़ा से**-03021 दिनांक 14.03.2026 (शनिवार)=01 ट्रिप प्रत्येक के लिए। **गठन:** 12 कोच ईएमयू रेक।

**03120/03119 पलासी-सियालदह-पलासी स्पेशल ट्रेन**

| पलासी-सियालदह स्पेशल | | | (03120) (03119) | सियालदह-पलासी स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तिथि | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | तिथि |
| 14.03.26 | – | 06.00 | ↓ पलासी | 23.00 | – | 14.03.26 |
| | 11.00 | – | सियालदह ↑ | – | 18.30 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग में सभी स्टेशनों पर भी रुकेगी। **आवागमन की तिथियाँ: पलासी से**-03120 और **सियालदह से**-03119 दिनांक 14.03.2026 (शनिवार)=01 ट्रिप प्रत्येक के लिए। **गठन:** 12 कोच ईएमयू रेक।

**03121/03122 काकद्वीप-सियालदह-काकद्वीप स्पेशल ट्रेन**

| काकद्वीप-सियालदह स्पेशल | | | (03121) (03122) | सियालदह-काकद्वीप स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तिथि | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | तिथि |
| 14.03.26 | – | 07.50 | ↓ काकद्वीप | 21.45 | – | 14.03.26 |
| | 10.30 | – | सियालदह ↑ | – | 19.00 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग में सभी स्टेशनों पर भी रुकेगी। **आवागमन की तिथियाँ: काकद्वीप**-03121 से और **सियालदह से**-03122 दिनांक 14.03.2026 (शनिवार)=01 ट्रिप प्रत्येक के लिए। **गठन:** 12 कोच ईएमयू रेक।

**03124/03123 बसिरहाट-सियालदह-बसिरहाट स्पेशल ट्रेन**

| बसिरहाट-सियालदह स्पेशल | | | (03124) (03123) | सियालदह-बसिरहाट स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तिथि | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | तिथि |
| 14.03.26 | – | 07.00 | ↓ बसिरहाट | 23.00 | – | 14.03.26 |
| | 10.15 | – | सियालदह ↑ | – | 21.00 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग में सभी स्टेशनों पर भी रुकेगी। **आवागमन की तिथियाँ: बसिरहाट से**-03124 से और **सियालदह से**-03123 दिनांक 14.03.2026 (शनिवार)=01 ट्रिप प्रत्येक के लिए। **गठन:** 12 कोच ईएमयू रेक।

**03138/03137 रानाघाट-सियालदह-रानाघाट स्पेशल ट्रेन**

| रानाघाट-सियालदह स्पेशल | | | (03138) (03137) | सियालदह-रानाघाट स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तिथि | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | तिथि |
| 14.03.26 | – | 06.45 | ↓ रानाघाट | 23.00 | – | 14.03.26 |
| | 09.15 | – | सियालदह ↑ | – | 20.45 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग में सभी स्टेशनों पर भी रुकेगी। **आवागमन की तिथियाँ: रानाघाट से**-03138 और **सियालदह से**-03137 दिनांक 14.03.2026 (शनिवार)=01 ट्रिप प्रत्येक के लिए। **गठन:**12 कोच ईएमयू रेक।

**03140/03139 बनगांव-सियालदह-बनगांव स्पेशल ट्रेन**

| बनगांव-सियालदह स्पेशल | | | (03140) (03139) | सियालदह-बनगांव स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तिथि | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | तिथि |
| 14.03.26 | – | 06.00 | ↓ बनगांव | 23.00 | – | 14.03.26 |
| | 09.00 | – | सियालदह ↑ | – | 20.30 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग में सभी स्टेशनों पर भी रुकेगी। **आवागमन की तिथियाँ: बनगांव से**-03140 और **सियालदह से**-03139 दिनांक 14.03.2026 (शनिवार)=01 ट्रिप प्रत्येक के लिए। **गठन:** 12 कोच ईएमयू रेक।

**03143/03144 कैनिंग-सियालदह-कैनिंग स्पेशल ट्रेन**

| कैनिंग-सियालदह स्पेशल | | | (03143) (03144) | सियालदह-कैनिंग स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तिथि | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | तिथि |
| 14.03.26 | – | 08.00 | ↓ कैनिंग | 23.00 | – | 14.03.26 |
| | 10.00 | – | सियालदह ↑ | – | 21.10 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग में सभी स्टेशनों पर भी रुकेगी। **आवागमन की तिथियाँ: कैनिंग से**-03143 और **सियालदह से**-03144 दिनांक 14.03.2026 (शनिवार)=01 ट्रिप प्रत्येक के लिए। **गठन:** 12 कोच ईएमयू रेक।

**03154/03153 लालगोला-सियालदह-लालगोला स्पेशल ट्रेन**

| लालगोला-सियालदह स्पेशल | | | (03154) (03153) | सियालदह-लालगोला स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तिथि | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | तिथि |
| 13.03.26 | – | 21.45 | ↓ लालगोला | 04.00 | – | 15.03.26 |
| 14.03.26 | 05.00 | – | सियालदह ↑ | – | 19.40 | 14.03.26 |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग में सभी स्टेशनों पर भी रुकेगी। **आवागमन की तिथियाँ: लालगोला से**-03154 दिनांक 13.03.2026 (शुक्रवार)= 01 ट्रिप और **सियालदह से**-03153 **से** दिनांक 14.03.2026 (शनिवार)=01 ट्रिप। **गठन:** 12 कोच ईएमयू रेक।

**03156/03155 लालगोला-सियालदह-लालगोला स्पेशल ट्रेन**

| लालगोला-सियालदह स्पेशल | | | (03156) (03155) | सियालदह-लालगोला स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तिथि | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | तिथि |
| 13.03.26 | – | 21.00 | ↓ लालगोला | 04.15 | – | 15.03.26 |
| 14.03.26 | 04.00 | – | सियालदह ↑ | – | 21.15 | 14.03.26 |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में सभी स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **आवागमन की तिथियाँ: लालगोला से**-03156 दिनांक 13.03.2026 को (शुक्रवार) = 01 ट्रिप और **सियालदह से**-03155 दिनांक 14.03.2026 (शनिवार)=01 प्रत्येक के लिए यात्रा। **गठन:** 12 कोच ईएमयू रेक।

**03160/03159 गेदे-सियालदह-गेदे स्पेशल ट्रेन**

| गेदे-सियालदह स्पेशल | | | (03160) (03159) | सियालदह-गेदे स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तिथि | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | तिथि |
| 14.03.26 | – | 06.00 | ↓ गेदे | 22.15 | – | 14.03.26 |
| | 09.30 | – | सियालदह ↑ | – | 18.45 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग में सभी स्टेशनों पर भी रुकेगी। **आवागमन की तिथियाँ: गेदे से**-03160 और **सियालदह से**-03159 दिनांक 14.03.2026 (शनिवार)=01 ट्रिप प्रत्येक के लिए। **गठन:** 12 कोच ईएमयू रेक।

**03166/03165 शांतिपुर-सियालदह-शांतिपुर स्पेशल ट्रेन**

| शांतिपुर-सियालदह स्पेशल | | | (03166) (03165) | सियालदह-शांतिपुर स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तिथि | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | तिथि |
| 14.03.26 | – | 07.30 | ↓ शांतिपुर | 22.15 | – | 14.03.26 |
| | 10.30 | – | सियालदह ↑ | – | 19.15 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग में सभी स्टेशनों पर भी रुकेगी। **आवागमन की तिथियाँ: शांतिपुर से**-03166 और **सियालदह से**-03165 दिनांक 14.03.2026 को (शनिवार)=01 ट्रिप प्रत्येक के लिए । **गठन:**12 कोच ईएमयू रेक।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

| मैच | टीम 1 | टीम 2 | जगह | तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | सनराइजर्स हैदराबाद | बंगलूरू | 28 मार्च |
| 2 | मुंबई इंडियंस | कोलकाता नाइट राइडर्स | मुंबई | 29 मार्च |
| 3 | राजस्थान रॉयल्स | चेन्नई सुपर किंग्स | गुवाहाटी | 30 मार्च |
| 4 | पंजाब किंग्स | गुजरात टाइटंस | न्यू चंडीगढ़ | 31 मार्च |
| 5 | लखनऊ सुपर जाएंट्स | दिल्ली कैपिटल्स | लखनऊ | 1 अप्रैल |
| 6 | कोलकाता नाइट राइडर्स | सनराइजर्स हैदराबाद | कोलकाता | 2 अप्रैल |
| 7 | चेन्नई सुपर किंग्स | पंजाब किंग्स | चेन्नई | 3 अप्रैल |
| 8 | दिल्ली कैपिटल्स | मुंबई इंडियंस | दिल्ली | 4 अप्रैल |
| 9 | गुजरात टाइटंस | राजस्थान रॉयल्स | अहमदाबाद | 4 अप्रैल |
| 10 | सनराइजर्स हैदराबाद | लखनऊ सुपर जाएंट्स | हैदराबाद | 5 अप्रैल |
| 11 | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | चेन्नई सुपर किंग्स | बंगलूरू | 5 अप्रैल |
| 12 | कोलकाता नाइट राइडर्स | पंजाब किंग्स | कोलकाता | 6 अप्रैल |
| 13 | राजस्थान रॉयल्स | मुंबई इंडियंस | गुवाहाटी | 7 अप्रैल |
| 14 | दिल्ली कैपिटल्स | गुजरात टाइटंस | दिल्ली | 8 अप्रैल |
| 15 | कोलकाता नाइट राइडर्स | लखनऊ सुपर जाएंट्स | कोलकाता | 9 अप्रैल |
| 16 | राजस्थान रॉयल्स | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | गुवाहाटी | 10 अप्रैल |
| 17 | पंजाब किंग्स | सनराइजर्स हैदराबाद | न्यू चंडीगढ़ | 11 अप्रैल |
| 18 | चेन्नई सुपर किंग्स | दिल्ली कैपिटल्स | चेन्नई | 11 अप्रैल |
| 19 | लखनऊ सुपर जाएंट्स | गुजरात टाइटंस | लखनऊ | 12 अप्रैल |
| 20 | मुंबई इंडियंस | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | मुंबई | 12 अप्रैल |

# पश्चिम एशिया में संघर्ष से यात्रा चिंताओं के बीच आईपीएल 2026 के पहले चरण का कार्यक्रम घोषित

**नयी दिल्ली :** आईपीएल 2026 के पहले चरण का कार्यक्रम जारी हो चुका है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को 19वें सीजन के शुरुआती मुकाबलों का कार्यक्रम घोषित किया। दुनिया की सबसे लोकप्रिय टी20 फ्रेंचाइजी लीग का यह सीजन 28 मार्च से शुरू होगा और पहले चरण के मुकाबले 12 अप्रैल तक खेले जाएंगे।

**बंगलूरू में होगा उद्घाटन मुकाबला**

टूर्नामेंट का पहला मैच 28 मार्च को बंगलूरू के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का सामना सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) से होगा। आरसीबी की टीम इस बार अपने खिताब का बचाव करने उतरेगी। आरसीबी ने 2025 में पंजाब किंग्स को हराकर पहली बार आईपीएल का खिताब जीता था। उद्घाटन मैच के अगले दिन रविवार को मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा।

**पहले चरण में 20 मैच, 10 शहरों में मुकाबले**

पहले चरण में कुल 20 मैच खेले जाएंगे। ये मुकाबले 10 अलग-अलग शहरों में आयोजित होंगे। इनमें बंगलूरू, मुंबई, गुवाहाटी, न्यू चंडीगढ़, लखनऊ, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली, अहमदाबाद और हैदराबाद शामिल हैं। इस अवधि में चार डबल-हेडर भी होंगे। डबल-हेडर के दौरान दो मैच एक ही दिन खेले जाएंगे। दोपहर का मैच भारतीय समयानुसार 3:30 बजे और शाम का मैच 7:30 बजे शुरू होगा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु अपने 5 घरेलू मैच बंगलूरू में और 2 मैच रायपुर में खेलेगी। पंजाब किंग्स के 4 घरेलू मैच न्यू चंडीगढ़ में और 3 मैच धर्मशाला में होंगे। राजस्थान रॉयल्स के 3 घरेलू मुकाबले गुवाहाटी में और 4 मैच जयपुर में खेले जाएंगे।

**खिताब बचाने उतरेगी आरसीबी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 2025 में पंजाब किंग्स को हराकर पहली बार आईपीएल का खिताब अपने नाम किया था। आरसीबी की टीम इस बार खिताब का बचाव करने उतरेगी।

**बंगलूरू के मैचों पर अंतिम फैसला बाकी**

बंगलूरू में होने वाले मैच फिलहाल राज्य सरकार की विशेषज्ञ समिति की मंजूरी पर निर्भर करेंगे। कर्नाटक सरकार द्वारा गठित एक्सपर्ट कमेटी 13 मार्च 2026 को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम का निरीक्षण करेगी। इस दौरान मैच डे की तैयारियों का पूरा मॉक डेमो किया जाएगा, जिसके बाद ही यह तय होगा कि स्टेडियम आईपीएल मैचों की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है या नहीं।

## भारत को टी20 विश्व कप जीतने पर आईसीसी से मिली 25 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि

**दुबई:** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पुरुषों का टी20 विश्व कप समाप्त होने के बाद बुधवार को खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि की घोषणा की जो रिकॉर्ड 1.125 करोड़ अमेरिकी डॉलर है जिसमें घरेलू मैदान पर चैंपियन बनी भारतीय टीम को सबसे बड़ा हिस्सा 2,639,423 डॉलर (लगभग 25 करोड़ रुपये) मिला। भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर लगातार दूसरी ट्रॉफी अपने नाम की। उपविजेता न्यूजीलैंड को 14,22,692 अमेरिकी डॉलर (लगभग 13 करोड़ रुपये) मिले जबकि सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड को क्रमशः लगभग 9.24 करोड़ रुपये और 8.96 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। अन्य शीर्ष टीमों में वेस्टइंडीज को 5,38,269 अमेरिकी डॉलर मिले जबकि अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलने वाली पाकिस्तान टीम को 5,22,692 अमेरिकी डॉलर मिले। जिम्बाब्वे को 4,91,538 अमेरिकी डॉलर और श्रीलंका को 4,75,962 अमेरिकी डॉलर दिए गए। सुपर आठ चरण में बाहर हुई अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका की टीमों को प्रत्येक 3,09,808 अमेरिकी डॉलर मिले। स्कॉटलैंड को 2,78,654 अमेरिकी डॉलर और आयरलैंड को 2,71,731 अमेरिकी डॉलर जबकि चार अन्य टीम इटली, नीदरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात और नेपाल प्रत्येक 2,56,154 अमेरिकी डॉलर दिए गए। कनाडा, नामीबिया और ओमान प्रत्येक को 2,25,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि दी गई।

## बल्लेबाजी की खामियों को दूर करने के लिए बाबर पाकिस्तान की राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप से हटे

**कराची:** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज बाबर आजम ने 26 मार्च से शुरू होने वाली पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) से पहले अपनी बल्लेबाजी की तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है। टी20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद बांग्लादेश के खिलाफ उसकी सरजमीं पर होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला की टीम से बाहर किए गए बाबर का नाम पेशावर में चल रही राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप के लिए लाहौर व्हाइट्स टीम में शामिल किया गया था। अब यह बात सामने आई है कि वह घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेंगे और इसके बजाय अपनी बल्लेबाजी पर कुछ कोच के साथ काम कर रहे हैं।

## टी20 रैंकिंग: अभिषेक और किशन बल्लेबाजी में पहले दो स्थान पर, वरुण गेंदबाजी में शीर्ष से हटे



**दुबई:** अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से क्रिकेट प्रेमियों को मंत्रमुग्ध करने वाले ईशान किशन ने टी20 विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर बुधवार को जारी की गई खेल के छोटे प्रारूप की अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है और वह शीर्ष पर काबिज अभिषेक शर्मा से केवल चार अंक पीछे हैं। टी20 विश्व कप के फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाने वाले अभिषेक दुनिया के पहले नंबर के बल्लेबाज बने हुए हैं। उनके साथी बाएं हाथ के बल्लेबाज किशन टूर्नामेंट में 317 रन बनाने के बाद दो पायदान ऊपर दूसरे स्थान पर आ गए हैं। अब वह अभिषेक के सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी बन गए हैं। किशन (871 अंक) ने अपने करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग हासिल की और अब वह अभिषेक (875 अंक) से सिर्फ चार रेटिंग अंक पीछे हैं। न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट (चार पायदान ऊपर छठे स्थान पर) और इंग्लैंड के जैकब बेथेल (17 पायदान ऊपर 16वें स्थान पर) ने भी टी20 विश्व कप में कुछ शानदार पारियों के दम पर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलन (सात पायदान की छलांग से 20वें स्थान पर) को भी फायदा हुआ जिन्होंने सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 33 गेंदों में शतक बनाकर पुरुष टी20 विश्व कप में अब तक के सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड तोड़ा। वहीं भारतीय सलामी बल्लेबाज और विकेटकीपर संजू सैमसन (18 पायदान की छलांग से 22वें स्थान पर) और शिवम दुबे (चार पायदान ऊपर 27वें स्थान पर) ने भी टूर्नामेंट में शानदार पारियों की बदौलत बल्लेबाजी रैंकिंग में काफी सुधार किया।

## क्रिकेटर शिवम दुबे विश्व कप जीतने के बाद ट्रेन में बैठकर मुंबई पहुंचे

**मुंबई:** टी20 विश्व कप में ऑलराउंड प्रदर्शन से भारत की खिताबी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शिवम दुबे ने अहमदाबाद से मुंबई की यात्रा सबकी नजरें से बचते हुए ट्रेन से पूरी की। रेलवे के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मुंबई के लिए सभी उड़ाने पूरी तरह से बुक होने के कारण दुबे ने ट्रेन से यात्रा करना चुना जिससे कि वह अपने दो छोटे बच्चों से मिलने के लिए जल्द से जल्द शहर पहुंच सकें। इस दौरान क्रिकेट प्रशंसकों की भीड़ के उन्हें घेर लेने का खतरा भी था। अधिकारी ने कहा कि यह स्टार



ऑलराउंडर भारतीय टीम के विश्व कप जीतने के कुछ घंटों बाद सोमवार सुबह अहमदाबाद से मुंबई जाने वाली सयाजी नगरी एक्सप्रेस में अपनी पत्नी अंजुम और एक दोस्त के साथ सवार हुए। उन्होंने बताया कि ट्रेन की आरक्षण सूची पर उनका नाम देखने के बाद एक टिकट निरीक्षक को हैरानी हुई कि क्या वह क्रिकेटर दुबे हैं। हालांकि उनकी पत्नी ने समझदारी से स्थिति को संभाला और कहा कि क्रिकेटर ट्रेन से यात्रा क्यों करेगा। अधिकारी ने बताया कि साथ बैठे यात्रियों द्वारा पहचाने जाने से बचने के लिए दुबे ने सुबह पांच बजकर 10 मिनट पर ट्रेन में चढ़ते समय टोपी, मास्क और पूरी बाजू की टीशर्ट पहनी थी और एसी थ्री टियर कोच में चढ़ने के बाद अपनी ऊपर वाली बर्थ पर चढ़ गए।

## आईसीसी ने यात्रा व्यवस्था पर आलोचकों पर पलटवार करते हुए कहा, उनके सुझाव अनुपयोगी और गलत

**दुबई:** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने खाड़ी क्षेत्र में तनाव के कारण टी20 विश्व कप के बाद घर वापस न लौट पाने वाले खिलाड़ियों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की और आलोचकों के उन सुझावों को 'अनुपयोगी और गलत' करार दिया जिनमें कहा गया है कि खिलाड़ियों की यात्रा व्यवस्था सुरक्षा से इतर अन्य कारणों से प्रभावित थी। अमेरिका और इजरायल के ईरान पर किए गए हमले के बाद खाड़ी देशों में हवाई क्षेत्र बंद कर दिया गया है, जिससे उड़ानों का कार्यक्रम अस्त-व्यस्त हो गया। आईसीसी ने कहा कि वह भारत में फंसे खिलाड़ियों विशेषकर वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों के प्रति सहानुभूति रखती है लेकिन स्पष्ट किया कि वैकल्पिक यात्रा मार्गों की योजना तैयार करते समय खिलाड़ियों की सुरक्षा और हितों को ध्यान में रखा जा रहा है।

# समाज्ञा व्यापार

## भारत, जीसीसी का वैश्विक केंद्र बनकर उभरा

■ **दुनिया भर के ऐसे 55 प्रतिशत से अधिक केंद्रों का गढ़**

**नयी दिल्ली:** भारत, वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) का निर्विवाद वैश्विक केंद्र बनकर उभरा है और दुनिया भर के ऐसे 55 प्रतिशत से अधिक केंद्र यहां स्थित हैं। हालांकि इन नवाचार केंद्रों को केंद्रीय, राज्य एवं स्थानीय स्तर पर 500 से अधिक अलग-अलग कानूनी दायित्वों और हर वर्ष 2,000 से अधिक अनिवार्य अनुपालन (फाइलिंग) वाली जटिल नियामकीय प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। भारत की प्रमुख नियामक प्रौद्योगिकी 'टीमलीज रेगटेक' ने अध्ययन 'भारत में वैश्विक क्षमता केंद्र: क्षमता का विकास, अनुपालन सुनिश्चित करना' में कहा कि तेज विस्तार और 64.6 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के निर्यात राजस्व में योगदान के बावजूद ये जीसीसी किसी भी उद्यम व्यवस्था में लागू सबसे व्यापक अनुपालन ढांचों में से एक के अंतर्गत काम करते हैं। अध्ययन में कहा गया,' एक सामान्य वैश्विक क्षमता केंद्र की स्थापना के लिए आवश्यक अनुपालन को सात श्रेणियों में बांटा जा सकता है। प्रत्येक श्रेणी में कई कानून, नियम एवं विनियम शामिल होते हैं जिनकी लागू होने की सीमा, केंद्र के आकार, प्रकृति एवं संचालन पर निर्भर करती है।' इसके अनुसार, कर्नाटक में विशेष आर्थिक क्षेत्र के अंतर्गत पंजीकृत और 1,000 लोगों के बैठने की क्षमता वाले एक वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) को 537 दायित्वों का पालन करना पड़ता है। हालांकि जब इन दायित्वों की वार्षिक आवृत्ति को जोड़ा जाता है तो यह संख्या बढ़कर 2,051 हो जाती है।

## अमेरिका में नई तेल रिफाइनरी में निवेश करेगी रिलायंस इंडस्ट्रीज: ट्रंप

**वॉशिंगटन/नयी दिल्ली :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारतीय उद्योगपति मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज अमेरिका में 50 वर्ष में स्थापित की जा रही पहली नई तेल रिफाइनरी के निर्माण में भागीदार होगी। उन्होंने इसे ''अमेरिकी इतिहास की सबसे बड़ी'' रिफाइनरी बताया है। इस परियोजना का संचालन कर रही कंपनी अमेरिका फर्स्ट रिफाइनिंग (एएफआर) के अनुसार, नई रिफाइनरी टेक्सास के ब्राउनस्विले में स्थित होगी और इसे पूरी तरह से अमेरिकी 'शेल' तेल पर चलने के लिए तैयार किया जाएगा। रिलायंस ने रिफाइनरी में उत्पादित ईंधन खरीदने के लिए 20 साल के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस परियोजना की शुरुआत 2026 की दूसरी तिमाही में होने की संभावना है। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच पर मंगलवार को एक संदेश में इसे ''300 अरब अमेरिकी डॉलर का ऐतिहासिक समझौता'' बताते हुए कहा कि यह परियोजना उनके प्रशासन के ''अमेरिका फर्स्ट एजेंडा'' के कारण संभव हो रही है। रिलायंस की ओर से इस पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

## असम की रिफाइनरियां राज्य की सिर्फ 30 प्रतिशत एलपीजी मांग को पूरा कर पाएंगी : मुख्य सचिव

**गुवाहाटी :** असम के मुख्य सचिव रवि कोटा ने बुधवार को कहा कि स्थानीय रिफाइनरियां राज्य की रसोई गैस (एलपीजी) मांग का केवल 30 प्रतिशत ही पूरा करने में सक्षम हैं, जिससे आने वाले दिनों में रसोई गैस की कमी की संभावना बनी हुई है। मुख्य सचिव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में बताया कि केंद्रीय गृह सचिव के साथ देशभर में ईंधन आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा के बाद सभी स्थानीय रिफाइनरियों से उत्पादन बढ़ाने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने बताया कि स्थिति की बारीकी से निगरानी के लिए मुख्य सचिव के स्तर पर एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन किया गया है, जो नियमित रूप से आपूर्ति की समीक्षा करेगी।

## पश्चिम एशिया संघर्ष से आर्थिक परिदृश्य पर पड़ सकता नकारात्मक असर, वृद्धि 7.1 प्रतिशत रहने का अनुमान

**मुंबई:** पश्चिम एशिया में संघर्ष, यदि लंबा चलता है तो कच्चे तेल और जिंस की कीमतों पर इसके प्रभाव के कारण भारत के आर्थिक परिदृश्य पर इसका नकारात्मक असर होगा। क्रिसिल इंटेलिजेंस ने एक रिपोर्ट में यह बात कही है। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 7.1 प्रतिशत तक रह सकती है, जो अनिश्चितताओं के बाद भी बेहतर है। इस वृद्धि को मजबूत निजी उपभोग और निजी निवेश में कुछ तेजी से समर्थन मिलेगा। रिपोर्ट के अनुसार, उभरते क्षेत्रों द्वारा संचालित निजी पूंजीगत व्यय में सुधार के साथ निजी निवेश धारणा सुधर रही है। रिपोर्ट में यह भी अनुमान लगाया गया है कि निर्यात वृद्धि में तेजी बनी रहेगी, जिसे वित्त वर्ष 2025-26 की तुलना में कम अमेरिकी शुल्क, स्थिर



वैश्विक वृद्धि और मजबूत सेवा निर्यात से समर्थन मिलेगा। खुदरा मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 2026-27 में बढ़कर औसतन 4.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है जबकि वित्त वर्ष 2025-26 में इसके 2.5 प्रतिशत पर रहने का अनुमान रखा गया है। इस साल मानसून सामान्य रहने के अनुमान के साथ महंगाई मौजूदा निचले स्तर से सामान्य स्तर पर रहने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया, ''नए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) 2024 श्रृंखला में खाद्य पदार्थों का भारांश कम होने से खाद्य मुद्रास्फीति के सामान्य होने से मुख्य मुद्रास्फीति में होने वाली वृद्धि सीमित रहेगी।'' क्रिसिल का कहना है कि खुदरा मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर के करीब रहने का अनुमान है। इससे केंद्रीय बैंक को रेपो दर को स्थिर रखने और वर्ष 2025 में 1.25 प्रतिशत की कटौती के प्रभाव को बनाए रखने पर ध्यान देने में मदद मिलेगी। आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि वित्त वर्ष 2026-27 में नीतिगत दरें स्थिर रहेंगी। वर्ष 2025 में की गई 1.25 प्रतिशत की कुल कटौती का प्रभाव बैंक ऋण और जमा दरों पर भी जारी रहेगा। क्रिसिल ने कहा, ''हमारा अनुमान है कि आरबीआई नकदी प्रबंधन पर सक्रिय रहेगा। हम उम्मीद करते हैं कि अनुकूल मौद्रिक नीति और वृहद आर्थिक बुनियाद के साथ वित्त वर्ष 2026-27 में वित्तीय स्थिति मजबूत बनी रहेगी।''

## पश्चिम एशिया के लिए एयर इंडिया समूह करेगा 58 उड़ानें संचालित

**मुंबई:** विमानन कंपनी एयर इंडिया और उसकी कम लागत वाली अनुषंगी कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस बुधवार को पश्चिम एशिया के लिए कुल 58 निर्धारित और गैर-निर्धारित उड़ानें संचालन करेंगी। क्षेत्र में अमेरिका, इजराइल और ईरान से जुड़े बढ़ते संघर्ष के बीच विमानन कंपनियां सेवाओं का संचालन सावधानीपूर्वक कर रही हैं, क्योंकि कई क्षेत्रों के हवाई मार्ग प्रतिबंधित हैं और कुछ मार्ग बंद भी किए गए हैं। एयर इंडिया ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि दोनों कंपनियां 11 मार्च को जेद्दा और मस्कट से आने-जाने वाली अपनी-अपनी निर्धारित सेवाएं जारी रखेंगी। बयान के अनुसार, एयर इंडिया जेद्दा से आने-जाने वाली आठ उड़ानों का संचालन करेगी, जबकि एयर इंडिया एक्सप्रेस मस्कट से आने-जाने वाली 14 निर्धारित उड़ानों का संचालन करेगी।

## ईरान युद्ध के बीच जर्मनी और ऑस्ट्रिया अपने भंडार से तेल जारी करेंगे

**बर्लिन:** जर्मनी और ऑस्ट्रिया ने कहा है कि वे अपने तेल भंडार का एक हिस्सा जारी कर रहे हैं। यह निर्णय अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के उस अनुरोध के बाद लिया गया है, जिसमें सदस्य देशों से ईरान युद्ध के कारण ऊर्जा की कीमतों में आए उछाल को कम करने के लिए 40 करोड़ बैरल तेल जारी करने को कहा गया है। आईईए सदस्य देशों द्वारा आपातकालीन भंडार से की गई अब तक की सबसे बड़ी सामूहिक निकासी 18.27 करोड़ बैरल थी। यह निकासी 2022 में यूक्रेन पर रूस के पूर्ण आक्रमण के कारण पैदा हुए ऊर्जा संकट के दौरान की गई थी। जर्मनी के अर्थव्यवस्था मामलों के मंत्री ने बुधवार को कहा कि देश मंगलवार शाम को आईईए द्वारा अपने सदस्य देशों से किए गए अनुरोध के बाद अपने तेल भंडार का हिस्सा जारी करेगा। आईईए ने 40 करोड़ बैरल तेल भंडार जारी करने को कहा है, जो कि लगभग 5.4 करोड़ टन है।

## ऊर्जा कीमतें बढ़ने से भारतीय पेट्रोलियम कंपनियों के मार्जिन पर बढ़ सकता है दबाव: रेटिंग एजेंसियां

**नयी दिल्ली:** वैश्विक रेटिंग एजेंसियों एसएंडपी, मूडीज और फिच ने बुधवार को कहा कि कच्चे तेल और गैस की वैश्विक कीमतों में तेजी, घरेलू ईंधन कीमतों में सीमित बढ़ोतरी और आयात पर अधिक निर्भरता के कारण भारत की सरकारी पेट्रोलियम विपणन कंपनियों पर मार्जिन दबाव बढ़ रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र की तीन पेट्रोलियम विपणन कंपनियां देशभर के करीब 90 प्रतिशत पेट्रोल पंपों का संचालन करती हैं। इनमें इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) शामिल हैं। तीनों रेटिंग एजेंसियों ने अलग-अलग रिपोर्ट में कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष से वैश्विक ऊर्जा बाजारों में अस्थिरता बढ़ी है। ईरान पर 28 फरवरी को अमेरिका एवं इजराइल के संयुक्त हमलों से इस संघर्ष की शुरुआत हुई थी और इसका दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। भारत अपनी जरूरत का लगभग 88 प्रतिशत कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस का करीब आधा हिस्सा आयात करता है। इनमें से 30 से 55 प्रतिशत ऊर्जा की आपूर्ति होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरती है। देश का रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार लगभग 10 दिन की खपत के बराबर हैं जबकि वाणिज्यिक भंडार लगभग 65 दिन की जरूरत पूरी कर सकता है।

## न्यूज अपडेट

### रुपया 16 पैसे टूटकर 92.01 प्रति डॉलर पर

**मुंबई:** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बुधवार को 16 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 92.01 पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और डॉलर के मजबूत होने से घरेलू मुद्रा पर दबाव बढ़ा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी पूंजी की निकासी और घरेलू शेयर बाजार में कमजोरी के रुख ने स्थानीय मुद्रा पर और दबाव डाला।

### एफडीआई में रियायत चीनी कंपनियों के लिए नहीं, चीन की कम हिस्सेदारी वाली इकाइयों को लाभ

**नयी दिल्ली:** विदेशी कंपनियों में चीन की अगर 10 प्रतिशत तक हिस्सेदारी है, वे भारत में स्वतः मार्ग से सभी क्षेत्रों में निवेश करने के लिए पात्र होंगी। हालांकि, भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले चीन/हांगकांग या अन्य देशों में पंजीकृत इकाइयों पर सरल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश नियम लागू नहीं होंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह कहा। पहले, भूमि सीमा साझा करने वाले सीमावर्ती देशों के शेयरधारकों वाली विदेशी कंपनियों को, यहां तक कि एक भी शेयर रखने पर भी, भारत में किसी भी क्षेत्र में निवेश करने के लिए अनिवार्य मंजूरी लेनी पड़ती थी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को इस संबंध में प्रेस नोट-3, 2020 में संशोधन किया। इस प्रेस नोट के अनुसार, भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों के निवेशकों को किसी भी क्षेत्र में निवेश करने के लिए अनिवार्य मंजूरी लेनी होगी।

### सरकार ने 'टेलीग्राम' को 3,100 से अधिक चैनल निष्क्रिय करने के निर्देश दिए

**नयी दिल्ली:** केंद्र सरकार ने बुधवार को त्वरित संदेश मंच 'टेलीग्राम' को कॉपीराइट कानून का उल्लंघन करने वाले 3,100 से अधिक चैनल को तीन घंटे के भीतर निष्क्रिय करने का निर्देश दिया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने यह पाया था कि इन चैनल पर कुछ सामग्री मालिकों, ओटीटी मंचों और निर्माताओं के स्वामित्व वाले या उनके लाइसेंस-प्राप्त कार्यक्रमों को बिना कानूनी अनुमति के साझा और वितरित की जा रही थीं। मंत्रालय की तरफ से जारी अधिसूचना में संयुक्त सचिव सी. सेंथिल राजन ने कहा कि ये सामग्री कॉपीराइट अधिनियम, 1957 के विभिन्न प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए मंच पर डाली और प्रसारित की जा रही थीं।

### चांदी 4,275 रुपये टूटकर 2.75 लाख रुपये पर, सोना 900 रुपये मजबूत

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को चांदी की कीमत 4,275 रुपये टूटकर 2.75 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव के बीच सोने की कीमत 900 रुपये बढ़कर 1.65 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 4,275 रुपये, या 1.53 प्रतिशत टूटकर 2,75,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जो मंगलवार के बंद भाव 2,79,275 रुपये प्रति किलोग्राम से कम है।

### केंद्र का किसानों से ई-केवाईसी पूरा करने का आग्रह

**नयी दिल्ली:** केंद्र सरकार ने बुधवार को किसानों से पीएम-किसान पोर्टल पर अपने विवरण को सत्यापित करने और जल्द से जल्द ई-केवाईसी पूरा करने का आग्रह किया। यह आग्रह 13 मार्च को 18,640 करोड़ रुपये की 22वीं किस्त जारी होने से पहले किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी असम के गुवाहाटी से 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' (पीएम-किसान) योजना के तहत 9.32 करोड़ पंजीकृत किसानों के खातों में यह राशि डिजिटल माध्यम से हस्तांतरित करेंगे। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देश भर के किसानों, विशेष रूप से असम के किसानों से अपील की है कि वे पीएम-किसान पोर्टल पर अपनी जानकारी की स्थिति की जांच करें।

वर्ष 10, पूर्णांक 3528 अंक 338 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in